RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831








हिन्दी मासिक

# माली सैनी सन्देश

जोधपुर

निष्पक्ष, निडर, नीतियुक्त पत्रकारिता


वर्ष : 13 | अंक : 165 | 29 मार्च - 2019 | मूल्य : 20/-



## सभी मानद एवं सुधि पाठकों को शीतला माता पूजा एवं होली की हार्दिक शुभकामनाएं

# हार्दिक बधाई





वरिष्ठ समाजसेवी
सरल स्वभाव के धनी
माली सैनी समाज के कर्मठ कार्यकर्त्ता
सभी के सुख दुख में भागीदारी निभाने वाले

**आदरणीय श्री**

## ऊँकारराम कच्छवाहा

**अखिल भारतीय**
**माली सैनी सेवा सदन संस्थान,**
**पुष्कर**

के चुनाव में निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित
होने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

RNI Regd No. RAJHIN/2013/60831

Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# माली सैनी सन्देश

• वर्ष :13 • अंक 165 • 29 मार्च, 2019 • • मूल्य : 20/- प्रति •

**संरक्षक :**



**श्रीमान रमेशचंद्र कच्छवाहा**
(अध्यक्ष, ठेकेदार ऐसोसियेशन, नगर निगम, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान लक्ष्मण सिंह सांखला**
(समाजसेवी/भामाशाह)

**संरक्षक :**



**श्रीमान मोहनसिंह सोलंकी**
(उद्योगपति/समाजसेवी)

**संरक्षक :**



**श्रीमान नरपतसिंह सांखला**
(बिल्डर्स/समाजसेवी)

**सह संरक्षक:**




**श्री ब्रह्मसिंह चौहान**
(जिला - उपाध्यक्ष,भाजपा, जोधपुर)

**संरक्षक :**



**श्रीमान प्रदीप कच्छवाहा**
(उद्योगपति)

**संरक्षक :**



**श्रीमान ढ़लसिंह गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)

**संरक्षक :**



**श्रीमान भगवानसिंह गहलोत**
(उद्योगपति/भामाशाह)

**प्रेस फोटोग्राफर**

**जगदीश देवड़ा**
(रितू स्टूडियों म्हे) 94149 1484

**मार्केटिंग इंचार्ज**

**रामेश्वर गहलोत**
(मो. 94146 02415)






पत्रिका में प्रकाशित विचार लेखकों के स्वयं के विचार है। किसी भी विचार के साथ संपादकीय सहमति का होना आवश्यक नहीं है।
सभी प्रंसगों का न्यायिक क्षेत्र जोधपुर ही होगा।

# सम्पादक की कलम से ...



# उल्लास उमंग और रंग का त्यौहार होली

किसी भी राष्ट्र की जीवन शक्ति के परिचायक होते है, वंहा के पर्व और त्यौहार हमारी सनातन संस्कृति मे उत्सव त्यौहार व विभिन्न पर्वो की अविरल श्रृंखला इसकी अटूट जिजीविशा , अदम्य उत्साह तथा शास्वत जीवन दर्शन एवं चरित्र को परिलक्षित करती है । इनमे होली का त्यौहार हर्षोल्लास के पर्व के रूप मे सर्वोपरि है । इसका मूल प्रयोजन स्वस्थ एवं तनावमुक्त व्यक्तिगत जीवन एकता , समता एवं भाईचारे से सामाजिक व्यवस्था, आनंद एवं उमंग , उल्लास सेभरे जनजीवन का विकास करना है । सर्दी के अंत एवं ग्रीष्म के आगमन की पावन संधिवेला में यह पर्व मनाया जाता है । हमारे पूर्वजो ने होली को सामूहिक सफाई के त्यौहार के रूप मे माना था । जैसे दीपावली पर घरों की लिपाई, पुताई एवं सफाई की जाती है। उसी तरह होली के पर्व पर पूरे गांव , कस्बें की सफाई का सामूहिक कार्यक्रम रखा जाता था । बसंत ऋतु मे पतझड़ के कारण पेड़ पौधों के पत्ते झड़ कर चारों ओर कूडा फैला देते है इन सबकी सफाई पेड पौधो की छंगाई , इसी अवसर पर की जाती थी । साथ ही वर्ष भर आपसी भेद भाव , मन-मुटाव या लडाई झगडे की बात हुई हो उन सभी को भुलाकर प्रेम भाव से आपस मे एक दुजे को रंग लगा गले मिलकर पुरानी गलतियो को सुधारते हुए फिर से एक दूसरे के मित्र व सहयोगी बन जाते है। विभिन्न समरसता एकरूपता का परिचय हर्षोल्लास के साथ होली का पर्व फसल पकने का आनंद भी इसी मे समाहित है होलिका के सामूहिक यज्ञ मे नये अन्न ( होली ) का यज्ञ करने के बाद ही उनका उपयोग का विधान बनाया गया था ।

रंगोत्सव होली का महान पर्व जीवन और उत्सव की शानदार संगत का दिलखुश माहौल रंग और सुन्दरता तथा भीगी भीगी रसपगी कलसिया ढुलकर मन मन को जोड़ती उसे रसीला बना नया स्फुरण देती है। चारो ओर रंग ही रंग है सुगंध ही सुगंध है । पौराणिक काल मे भक्त प्रहलाद के हिरण्ययकश्यप के अत्याचारो से धरा को मुक्त कराने का आव्हान कर भगवान नरसिंह के प्राकट्य तथा होलिका के दहन का यह संदेश देता है कि यदि उद्वेश्य और भावनाएं कलुषित हो तो ईश्वरीय वरदान भी निष्फल हों जाते है तथा भक्ति यदि सच्ची हो तो छोटे से बालक की पुकार भी भगवान अनसुनी नही करते । लोक साहित्य और राजस्थानी ,हिन्दी , हाडौती , ढुढाडी , मारवाडी , मेवाड़, ब्रजभाषा, देववाणी , संस्कृत , उर्दू , अरबी , फारसी मे हमारे देश कं उत्सवों, महोत्सवों का जीवन दर्शन मिलता है, जो भावना - कल्पना और विचारो की अभिव्यक्तियां है । होली लोक उत्सव है , लोक मंगल का त्यौहार है। भुआ होलिका भतीजे प्रहलाद को जलाकर मार देना चाहती थी , लेकिन स्वयं जलकर भस्म हो गई । प्रहलाद उसकी शांतिपूजा करते है उसके लिए तथा दुष्ट पिता के कल्याण की कामना करते है । यह है हिन्दू आदर्श परम्परा , जिसे हम आज भी भाई चारे की भावना से द्वेष रहित बुराइयों पर विशेष पर्व के रूप में मानते है। होली बुराईयो पर अच्छाई की विजय ,पाप पर पुण्य की विजय, द्वेषभाव ईर्श्या से रहित होकर आज तक हम सनातन काल से इस पर्व को मनाते चले आ रहे है । होली ही एक ऐसा त्यौहार है जो हदय मे पवित्रता रखकर खेला जाता है , और त्यौहार खेले नही जाते मनाए जाते है । यहां किसी भी प्रकार का सामाजिक भेद भाव नही होता, न वर्ण भेद है न मन भेद है , यह समरसता, समग्रता तथा सहभागिता का महापर्व है यह पर्व सतरंगी है जहा सब रंग मिलकर एक ज्योति में समाहित होजाते है यहां तन और मन दोनो ही रंग जमाते है । हमारे यहां पर्वों में गीत गाए जाते है ब्रज में रसियो की धमाल होती है । देश के अलग अलग भागो में लोक मंगल के गीतों की विशिष्ट परम्परा रही है जैसे सजनी साजन से कहती है 'फागण आयो फागणियो रंगादे रसिया , फागण आयो' इसी तरह होलियो मे उडेरे गुलाल छायो रंग फागण रो हाडोती आंचल कोटा ,बूंदी , झालावाड , में नाथ्यापण्डा लोक संस्कृति मिलती है जिसे होली के समय गाया जाता है । ढ़ोल , मंजीरा , चंग , अलगोजा की बानकी मे गायन और लोक नृत्यो के साथ रंगो का त्यौहार साकार होता है ।फालगुन मास के चिताकर्षक रंग चित्र, भित्ति, चित्रांकन ,पोथीपर चित्रण मिलते है।

आइये हम भी भाईचारे के पर्व को प्रति के रंग मे रंगकर फाल्गुन के आगमन का उत्साह पूर्वक स्वागत करे , बिना भेद भाव के साम्प्रदायिक सद्‌भाव का प्रतीक बनें। गाली, गलोज, मदिरा सेवन तथा हिंसात्मक गतिविधियो को त्याग कर सौहार्दता के साथ इसे मनाए पानी बचाये, सुखे रंगो से फूलों से खेले, तिलक लगाए होली मनाए ।

**नफरतो का अबार सब जल जाएं होली में, गिर -जाएं मतभेद की हर दीवार होली में**
**बिछुड गए जो बरसों से प्राण से अधिक प्यारे , गले मिलने आ जाएं वे इस बार होली में ।**



मनीष गहलोत

# समाज में विभिन्न जगहों पर सामुहिक विवाहों का आयोजन




**माली (सैनी) समाज के 25 नव–दम्पतियों ने सात जन्म साथ निभाने के वचन**

जयपुर। दिनांक 8 मार्च 2019 को फुलेरा दोज के अबूझ सावे पर जयपुर जिला माली (सैनी) समाज संस्था (रजि.) के तत्वावधान में 26वें सामुहिक विवाह सम्मेलन में माली समाज के 25 जोड़ों के विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ । संस्था अध्यक्ष ओम राजोरिया ने बताया कि सम्मेलन में मुख्य अतिथि राजस्थान सरकार के परिवहन मंत्री श्री प्रताप सिंह जी खाचरियावास विशिष्ट अतिथि आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र के विधायक श्री रफीक खान , जयपुर शहर की पूर्व मेयर श्रीमती ज्योति खंडेलवाल तथा श्री अशोक सैनी (भादरा) प्रदेश अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा ने नव–दम्पतियों को आशीर्वाद देते हुए उसके सुखी दाम्पत्य जीवन की कामना की । सम्मेलन में राजस्थान हाईकोर्ट जयपुर में राज्य सरकार की ओर से नवनियुक्त अतिरिक्त राजकीय अधिवक्ताओं में से सर्वश्री गणेशजी सैनी , मंगल सिंहजी सैनी व भरत जी सैनी को माला पहनाकर व शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया गया ।

सामुहिक विवाह सम्मेलन में सर्वश्री रतनजी खडोलिया पूर्व चौयरमेन ननिज , रोशनजी सैनी पूर्व चौयरमेन ननिज, गणेशजी सैनी पार्षद ननिज, भंवर लालजी सैनी पार्षद ननिज, श्रीमती चंचल सैनी पार्षद ननिज , श्रीमती शीला सैनी पूर्व पार्षद ,श्रीमती सन्तोष सैनी पूर्व पार्षद (हसनपुरा) , व श्री संतोष सैनी पूर्व पार्षद (चांदपोल) ने सामाजिक सरोकार निभाते हुये अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

सम्मेलन में सर्वश्री जुगलजी सैनी पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान , बिरदी चंदजी सिंगोदिया संरक्षक राजस्थान प्रदेश माली–सैनी महासभा , हनुमान प्रसादजी सैनी अध्यक्ष राजस्थान सैनी समाज कर्मचारी एवं अधिकारी विकास संस्था , प्रकाश चंद जी सैनी सहायक सचिव राजस्थान विधानसभा , कल्याण जी सैनी अध्यक्ष [illegible] औद्योगिक क्षेत्र , बी.एल. मालाकार से.नि. अतिरिक्त आयुक्त आबकारी विभाग, मनफूल जी सैनी से.नि. सहायक आयुक्त वाणिज्य कर विभाग , प्रभु दयालजी सैनी पूर्व व्यवस्थापक आमेर खादी भंडार , सुरेश कुमारजी सैनी मुख्य नियन्त्रक रेलवे , एडवोकेट अनुभव जी चंदेल , सुरेश चंद जी सैनीछभ।ए , डॉ नेमीचंदजी सैनी सहित समाज के हजारों गणमान्य व्यक्तियों ने वर–वधुओं को आशीर्वाद दिया ।

संस्था अध्यक्ष ओम जी राजोरिया ने नव–दम्पत्तियों को कन्या भ्रूण हत्या ना करने तथा बेटी बचाओ – बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई । सामुहिक विवाह सम्मेलनों की उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुये बालिका शिक्षा , कुप्रथाओं को त्यागने व फिजूलखर्ची से बचने की अपील की । सम्मेलन के संयोजक भागचंदजी सैनी (से.नि. सहायक आयुक्त वाणिज्य कर व जीएसटी) ने सामुहिक विवाह सम्मेलनों को फिजूल खर्ची रोकने का बड़ा कदम बताया और सम्मेलन में पधारे हुए अभी अतिथियों को धन्यवाद दिया।

संस्था की ओर से दान दाताओ–भामाशाहों को नवीन जी गोलीमार ने शाल ओढ़कर सम्मान किया तथा कार्यक्रम का संचालन शान्ति कुमार जी सैनी ने किया ।

**माली समाज के चौहदवां (14 वाँ )सामुहिक विवाह सम्मेलन मे 10 जोडों ने थामा एक–दुसरे का हाथ**

अजमेर। दिनांक 08 मार्च 2019 शुक्रवार को आजादपार्क में अजमेर जिला माली (सैनी) सामुहिक विवाह समिति के तत्वाधान मे,इस बार 10 जोडें परिणय–सुत्र मे बधें। बारात सुबह10.00बजे सजी–धजी, बैड–बाजे, ठोल–धमाकों के साथ मालियान धर्मशाला, सुन्दर विलास, सुभाष उद्यान के सामने से होती हुयी शहर के प्रमुख मार्गो, के.सी.कॉम्पलेक्स, फब्बारा सर्किल, डाक बंगला के सामने,पटेल स्टेडियम होते हुये दोपहर12.05 बजे आजाद पार्क,अजमेर पंहुची।





जहां बारात का भव्य स्वागत व सम्मान किया। रास्तें मे जगहो–जगहों पर स्वागत द्वार लगाये गये व गुलाब की फुल–पंखुड़ियों से पुष्प–वर्षा की गयी। कुछ दुकान–व्यवसायियों ने बारातीयो के लिए अल्पहार, आईसक्रीम, शर्बत, कोल्ड–ड्रिंक्स, नाश्ता की व्यवस्था रखी गयीं। आजाद पार्क मे सभी दुल्हे द्वारा फुलो से सजे चंवरी द्वार पर एक साथ पंक्ति मे खडे हो कर दोपहर 12.15 बजे तौरण मारा, इसके बाद 1245 बजे मंच पर दुल्हा व दुल्हन द्वारा एक दुसरे के गले मे वरमाला–डाली, जिसके तुरंत बाद अतिथि, विशिष्ट अतिथि, संस्थाओ व संगठनों के अध्यक्षो, पधाधिकारीयो, दानदाताओं का सम्मान किया।

प्रख्यात व प्रशिक्षित पंडितों द्वारा मंत्रौचार व विधि–विधान से अलग से बनाये गये चंवरी–पंडाल मे पाणिग्रहण संस्कार– 2.30 बजे किया गया,जहां जोडों ने अग्नि के समक्ष फेरे खायें, साथ–साथ जीनें–मरने की कसमें खायी। फेरे होने के बाद वर–वधु, माता–पिता, सगे–संबधियों ने भोजन–प्रसादी ग्रहण किया। कार्यक्रम के अंत मे भीगी–भीगी पलको के साथ सांय–04.30 बजे विदाई – समारोह द्वारा दुल्हे–दुल्हन, माता–पिता, सगे–संबन्धियों को उपहार व आर्शीवाद दे कर विदा किया।

विवाह सम्मेलन मे इस बार अजमेर के बाहर क्षेत्र पुष्कर, नागोर, परबतसर, राजसमंद, भीलवाड़ा, सरवाड़, पीपाड, जोघपुर, किशनगढ़, ब्यावर, नसीराबाद, केकडी के दुल्हा–दुल्हन थे व समाज बंधु आये। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य सभा सासंद माननीय मदनलाल जी सैनी ने कहा कि षसमाज मे जरुरतमंद लोगों की सेवाऔर गरीब परिवार को मदद के लिए समाज के हर तबके को आगे आना चाहिए।जब समाज सक्षम बनेगा, तभी तो देश मजबुत बनेगा।

कार्यक्रम अध्यक्षता कर रहें टांसपोर्ट व्यवसायी श्री त्रिलोकचन्द्र इन्दौरा ने कहा कि सामुहिक विवाह सम्मेलन से समाज के हर तबके मे भाई–चारा के साथ–साथ संगठित होने भावना बढती हैं। विवाह समिति के महामंत्री, महापौर धमेन्द्र गहलोत ने कहा कि सामुहिक विवाह सम्मेलन द्वारा समाज मे फैली फिजुल–खर्ची, बाल–विवाह व अन्य कुरीतियों को दुर करने का एक छोटा सा प्रयास रहता है। सम्मेलन मे विवाह करने वाले माता–पिता टेंशन मुक्त हो जाते है।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष धीसु गढवाल ने सामुहिक विवाह सम्मेलन को सफल बनाने के लिये सभी का आभार, धन्यवाद व अभिनंदन व्यक्त किया। विवाह समिति के उद्देश्य व आगामी प्रोग्राम के बारे संक्षिप्त मे परिचय दिया। मंच पर कार्यक्रम मे विशिष्ठ अतिथियो मे दोनों वर्तमान विधायक श्रीवासुदेव देवनानी व श्रीमति अनिता भदेल, महापौर धमेन्द्र गहलोत,जिला प्रमुख सुश्री वंदना नोगिया, विजय कुमार सैनी, पुनमचन्द्र मारोठिया, हनुमान प्रसाद कच्छावा, चांदमल टांक, महेश चौहान, डुंगरसिंह सांखला, कन्हैयालाल गहलोत,राजेश भाटी,कन्हैयालाल दग्दी प्रमुख थे ।

सम्मेलन मे प्रत्येक जोडों को विवाहसमिति द्वारा व समाजबंधु द्वारा एक टीका सोने का,एक चांदी की पायजेब की जोडी एव बिछुडी,पंलग,रजाई–गद्दा, बेडशीट, तकिया, अलमारी, प्रेशर कुकर, पंखे, बाटी कुकर, 21बर्तन(स्टील के) यानी सम्पूर्ण घरेलु काम में आने वाली वस्तुएं उपहार मे दी गई। हालांकि 08मार्च को महिला दिवस को समाज की महिलाओं, बुजुर्ग, युवा बालिकाओं ने बढ–चढ कर भाग लिया। आजाद पार्क मे मेले जेसा महौल था। कार्यक्रम मे सुरेन्द्र चौहान, मुरलीधर चौहान, प्रदीप कच्छावा, रुप चन्द्र भाटी, सुगनचन्द्र उबाना, बिशन सांखला, नेमीचन्द बबेरवाल, पुनमचन्द्र चौहान, ओमप्रकाश चौहान, गोपीकिशन जादम, रमेशचंद्र कच्छावा, यशोदाननंद चौहान, श्यामलाल तंवर, नौरत कच्छावा, बाबुलाल सांखला , महेंद्रसिह चौहान, मदन कच्छावा, ओमनारायण पलरिया, चन्द्रशेखर मौर्य, सोहनलाल तुनवाल, अमरचन्द्र गहलोत, दिलीप गढवाल, धमेन्द्र टाक, ओम प्रकाश तुनवाल, अनिल मौर्य, जितेन्द्र मारोठिया, शंकर टांक, रामनारायण भाटी, करन सिंह बनिष्ठीयां, गोरधनसिंह चौहान, कैलाश भाटी, भानु कच्छाव आदि,उपस्थित थे। महिलाओं मे श्रीमति मनोरमा परिहार, सुलोचना कच्छावा, कामिनी मौर्य, कमला महावर, विमला भाटी, सीमा चौहान, निशा बबेरवाल, योगिता, भावना आदि उपस्थित थे।

## बस्सी में 51जोड़ों ने थामा एक दूसरे का हाथ

बस्सी। माली समाज बस्सी के द्वारा 51जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया जिसमें अतिथि बस्सी के विधायक श्री लक्ष्मण मीणा, पूर्व खाद्य मंत्री श्री रामनारायण मीणा, राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के महासचिव एवं राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी के महामंत्री श्री भवानी शंकर माली, भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक भादरा, महासभा के सचिव बाबूलाल सैनी रजवास, तुलसी राम सैनी, श्रीमती लीला सैनी, श्रीमती विमला सरपंच, सहित महासभा के पदाधिकारियों ने सभी नवयुगल वरवधुओं को आशीर्वाद देकर आयोजको को धन्यवाद ज्ञापित किया।'

अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संस्थान, पुष्कर के चुनाव निर्विरोध हुए सम्पन्न

# श्री ऊँकारराम कच्छवाहा एक बार पुनः सर्वसम्मति से बने अध्यक्ष




पुष्कर। अखिल भारतीय माली सैनी समाज सेवा सदन संस्थान, पुष्कर जिला अजमेर के चुनाव संपन्न हुए जिसमें अध्यक्ष पद पर एक बार पुनः श्री ऊँकारराम कच्छवाहा निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

चुनाव प्रक्रिया के तहत आवेदन फार्म लेने का निर्धारित समय प्रातः 20 बजे से दोपहर 1 बजे तक रख गया। इस दौरान कुल तीन सदस्यों ने आवेदन प्राप्त कर निर्धारित अवधि में चुनाव अधिकारीगण के समक्ष प्रस्तुत किए। जांच में तीनों आवेदन सही पाए गए जिनकी घोषणा दोपहर तीन बजे की गई। संस्थान के सैकड़ों सदस्यगणों की उपस्थिति में विस्तृत विचार विमर्श करने के पश्चात दो उम्मीदवार श्री सुखदेव प्रसाद मरोठिया एवं श्री मांगीलाल भाटी द्वारा निर्धारित समय में स्वेच्छा से अपने आवेदन वापस ले लिए गए। ऐसी स्थिति में संस्थान के अध्यक्ष पद पर एकमात्र उम्मीदवार श्री ऊँकारराम कच्छवाहा का ही आवेदन रह जाने से मुख्य चुनाव अधिकारी श्री ताराचंद गहलोत एवं चुनाव अधिकारी श्री आईदानराम भाटी, कैलाश चौहान, मुकेश अजमेरा द्वारा श्री ऊँकारराम कच्छवाहा को आगामी अवधि 3 मार्च, 2019 से 2 मार्च 2022 तके लिए पुनः निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित कर अध्यक्ष पद का कार्यभार ग्रहण करवाया गया।

इस अवसर पर संस्थान के सैकड़ों सदस्यगण उपस्थित थे। जिसमें मुख्यतः सर्वश्री मांगीलाल पंवार, सेवाराम दग्दी, मोतीलाल सांखला, ओमप्रकाश सांखला, बाबुलाल दग्दी, नौरतमल सिंगोदिया, सत्यनारायण भाटी, पुष्कर नारायण भाटी, सुरज दग्दी, गोपाललाल माली, रूपचंद मरोठिया, ताराचंद गहलोत, डेगाना, भागचंद सांखला, शुभम गहलोत, ताराचंद टाक सोजत, हेमराज सिसोदिया, गोर्वदन टाक, कल्याण गहलोत, किशनलाल गहलोत, इंद्रसिंह गहलोत, सज्जनसिंह भाटी, प्रवीण भाटी छीतर गहलोत, के.सी. माली, जयनारागण दग्दी, पूनमचं, हंसराज, उम्मेदसिंह कच्छवाहा रानी, मांगीलाल धन्नाराम गहलोत, कानाराम सांखला, शिवप्रताप इंदौरा श्रीमती गीता सांखला के साथ अनेकों सदस्यों की उपस्थिति थी।

श्री ऊँकारराम कच्छवाहा ने इस अवसर पर समाज के सभी वर्गो के साथ संस्थान के पदाधिकारियों का आभार प्रकट करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझ में जो विश्वास जताते हुए लगातार तीसरी बार मुझे कार्यभार सौंपा है में उस पर पूर्ण रूप से खरा उतरते हुए संस्थान में जो विकास कार्य मेरे कार्यकाल में कराए गए है उन्हें और आगे बढ़ाते हुए पूर्ण करवाने के साथ ही सदस्यता संख्या जो अभी 3200 है उसे और बढ़ाने का पूर्ण प्रयास आप सभी के सहयोग से करूगा साथ ही संस्थान के विकास हेतु सभी से विचार विमर्श कर नई उर्जावान कार्यकारिणी बना समाज के सर्वागिण विकास हेतु योजनाबंद्व कार्य करेगें।

### राजनीतिक ताकत बढ़ाने पर दिया जोर

25 मार्च, पुष्कर। राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के सक्रिय सदस्यों की बैठक रविवार को अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता करते हुए माली समाज के राष्ट्रीय महासचिव ताराचंद गहलोत ने समाज के युवाओं से राजनीति के क्षेत्र में भी अपनी चमक बिखेरने का आव्हान किया उन्होंने स्पष्ट किया कि समाज के चहुंमुखी विकास के लिए समाज को युवा शक्ति एवं राजनीतिक भागीदारी की आवश्यकता है राजनीतिक एक ऐसी ताकत है जिसमें सभी समस्याओं का समाधान संभव है उन्होंने माली समाज के लोगों से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट हो राजनीतिक ताकत हासिल करने का आव्हान किया। इस अवसर पर महासभा के गोपाल लाल माली ने समाज की एकजुटता के साथ आगामी पीढ़ी के लिए समाज के नेताओं को चुनकर लोकसभा में भेजना होगा। मुख्य अतिथि एलएनजे ग्रुप के ओएसडी रजनीश वर्मा अजमेर से युवाओं के रोजगार के लिए में बड़े उद्योग स्थापित किए जाएंगे। अन्य वक्ताओं ने भी संबोधित किया जिसमें सभी से आव्हान किया गया कि आने वाले चुनाव में समाज को शत प्रतिशत मतदान कर अपनी भागीदारी निभानी चाहिए।

बैठक में पूर्व अतिथियों को आगंतुकों को महात्मा फुले मूर्ति पर माल्यार्पण एवं दीप जला कर कार्यक्रम का विधिवत् शुभारंभ किया। बैठक में समाज के भेरू लाल माली बाबूलाल नंदलाला का अशोक घटवार वीर सिंह चौहान जी राम लाल कटारिया सहित अनेकों लोग मौजूद थे

# देश की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर हुए अनेकों आयोजन





अजमेर। सावित्री बाई फुले राष्ट्रीय जागृति मंच की ओर से नसीराबाद रोड स्थित एक समारोह स्थल पर में माता सावित्री बाई फुले की तस्वीर पर फूल माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। जिलाध्यक्ष सुनीता चौहान ने बताया कि महापौर धर्मेंद्र गहलोत, महेश चौहान, महिला कांग्रेस अध्यक्ष सबा खान ने दीप प्रज्वलन किया। राजेश भाटी, माकनलाल मारोठिया, हेमराज सिसोदिया, घीसूलाल गढ़वाल, पूनमचंद मारोठिया, धर्मेंद्र चौहान आदि ने पुष्पांजलि की। बडगांव स्थित बाल प्रकाश आश्रम में अनाथ बच्चों को फल वितरण किए। संचालन ममता चौहान ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस कमेटी प्रवक्ता अंकुर त्यागी, सचिव सोनल मौर्य, सुभाष गहलोत, मामराज सैन, गजेंद्र दत्त मौर्य, सतीश सैनी, हनीश मारोठिया, सेवाराम चौहान, सौभाग मल पालरिया, सूरजमल गहलोत, प्रदीप कच्छावा आदि उपस्थित थे।

राजस्थान माली सैनी जागृति संस्थान की ओर से महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि पर पुष्पाजंलि अर्पित की। इस मौके पर प्रदेशाध्यक्ष रविराज माली, प्रदेश महासचिव रवि दगदी, विशाल सांखला, नरेन्द्र तुन्दवाल, पवन तुन्दवाल, कमल टाक, अशोक कुमार सैनी, मनीष भाटी, रवि कछावा आदि मौजूद रहे। मां सावित्रीबाई फूले संस्थान की ओर से माली धर्मशाला तोपदड़ा पुष्पांजलि अर्पित की। संस्थान अध्यक्ष शारदा मालाकार ने माता सावित्रीबाई फूले के जीवन पर प्रकाश डाला। सावित्रीबाई फुले अमर रहें के नारे लगाए। फागोत्सव के आयोजन पर भी चर्चा की। कार्यक्रम में किरण गढ़वाल, गोपी जादम, अब्बास, सुलोचना कच्छावा, राधा चौहान, मंजू भाटी, गंगा चौहान आदि उपस्थित थे। प्रिंस सोसायटी की तरफ से सावित्री बाई फुले के चित्र के समक्ष पुष्प व माला चढ़ाकर उन्हें याद किया। इस अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष मुसव्वीरा खान, उपाध्यक्ष इत्तेदार खान व कोषाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह पदाधिकारी मौजूद रहे।

### माता सावित्री बाई फुले की 122वीं पुण्यतिथि मनाई

करौली। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय संस्थान करौली के तत्वावधान में भारत की प्रथम शिक्षिका एवं महिला शिक्षा की अग्रदूत सावित्रीबाई फुले की 122 वीं पुण्यतिथि यहां महात्मा ज्योतिबा फुले उच्च माध्यमिक विद्यालय मनाई गई। इस दौरान महिला सशक्तिकरण विषय पर एक विचार गोष्ठी भी हुई।

विचार गोष्ठी में संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेमसिंह माली, महात्मा ज्योतिबा फुले विकास संस्थान अध्यक्ष रामगोपाल माली, ओबीसी कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामनिवास सैनी, देहात कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष जयलाल ठेकेदार, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पुष्पेन्द्र सैनी, पार्षद हरीराम माली, फुले बिग्रेड जिलाध्यक्ष बनैसिंह, महासचिव सियाराम, जमनालाल, मुकेश, प्रकाश, नवल, गोपाललाल माली आदि ने विचार प्रकट किए। साथ ही महिला शिक्षा को समाज में बढावा देने तथा व्याप्त कुरीतियों को दूर करने का संकल्प भी लिया।

**हिंडौन।** भारत की प्रथम महिला शिक्षिका मां सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि रविवार को वैधवाड़ा में मनाई गई। राष्ट्रीय फुले ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश चंद सैनी ने बताया कि सावित्रीबाई फुले का निधन 10 मार्च 1897 के दिन हुआ था। उन्हें महिलाओं के लिए काम करने के लिए जाना जाता है। उनका जन्म एक दलित परिवार में 3 जनवरी 1831 में महाराष्ट्र के सतारा के एक छोटा से गांव नायगांव में हुआ था।

सावित्रीबाई फुले प्रथम महिला शिक्षिका के नाम से जानी जाती हैं। कार्यक्रम में दोजी राम सैनी, केदार सिंह सैनी, लक्ष्मी नारायण, महाराज सिंह सैनी, पुनाराम सैनी, विक्रम सैनी, पिंटू सैनी, रामकेश सैनी, भागमल सैनी, चरण सिंह सैनी, रितेश सैनी आदि मौजूद थे।

### सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई

पुष्कर। राष्ट्र की पहली महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फुले की 122 वीं पुण्यतिथि पुष्कर स्थित अखिल भारतीय माली सैनी सेवा सदन में मनाई गई। दलित नेता कमलचंद गुरावा ने माता सावित्री बाई फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरूआत की। महात्मा ज्योतिबा फुले राष्ट्रीय जागृतिमंच के कार्यकारी राष्ट्रीय ताराचंद गहलोत ने सावित्री बाई फुले की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए बताया कि समाज की सेवा में अपना जीवन समप्रित करने वाली देश की पहली महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले का परिनिर्वाण प्लेग के मरीजों की सेवा करते हुए 66 साल की उम्र में आज ही के दिन 10 मार्च 1897 को पुणे में हुआ था। फुले दम्पत्ति ने शिक्षा के प्रसार के साथ–साथ समाज में फैली कुप्रथा के खिलाफ भी आवाज उठाई। सावित्री बाई ने बालविवाह और सती प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई और विधवाओं के पुनर्वास के लिए भी उन्होंने आंदोलन किया।

मंच के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष अजय सैनी ने संबोधन में कहा कि सावित्री बाई फुले का विवाह महज 9 साल की उम्र में 13 साल के महात्मा



ज्योतिराव फुले से हुआ। विवाह के बाद महात्मा और सावित्री बाई ने मिलकर 1 जनवरी 1848 को पुणे के भिड़े वाड़ा में लड़कियों का पहला स्कूल खोला। इसके बाद उन्होंने पुणे में तीन स्कूल शुरू किए। लड़कियों के स्कूल शुरू करने को लेकर उन्हें समाज के ठेकेदारों का विरोध भी झेलना पड़ा जब भी वह स्कूल में पढ़ाने के लिए निकलती, उन पर कुछ शरारती तत्व कीचड़, गोबर और पत्थर फेंका करते थे। फुले दंपत्ति ने शिक्षा प्रसार का कार्य कई संकटो के बावजूद जारी रखा। जिला देहात कांग्रेस कमेटी के महासचिव बाबूलाल दगदी, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्कर नारायण भाटी, सत्यनारायण भाटी, रूपचंद मरोठिया, मंगनीराम अजमेरा, रामदयाल यादव, पूनमचंद तूनवाल, रामजतन चौधरी, रामस्वरूप भाटी, सुखदेव मारोठिया, नवयुवक मंडल अध्यक्ष सूरजमल दगदी, नंदकिशोर कुवाल, पवन टांक, खेमचंद उबाणा, गोपाल भाटी, रोहित टांक, हेमंत गहलोत, प्रवीण पंवार, मुकेश सैनी, टीकम चौहान, संजय सिंह गहलोत, नर्बदा गहलोत आदि सैकड़ो महिला–पुरूषों ने श्रद्धासुमन अर्पित किये।

**कन्या छात्रावास में सावित्री बाई फुले की पुण्यतिथि मनाई**

पाली। रेलवे स्टेशन के पास स्थित छात्रावास में रविवार को सावित्री बाई फुले की 122वीं पुण्यतिथि व प्रतिमा जीर्णोद्धार समारोह का आयोजन हुआ। नगर परिषद चेयरमैन महेंद्र बोहरा के आतिथ्य में सावित्री बाई की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर बोहरा ने कहा कि सावित्रीबाई की महज 9 साल की उम्र में उनकी शादी ज्योति राव से कर दी गई थी। वे पढ़ना चाहती थी, लेकिन उनका परिवार उनकी पढ़ाई के खिलाफ था। वो जब खेत में अपने पति के लिए खाना लेकर जाती थीं तब उनके पति उन्हें पढ़ाते थे। इस बात की भनक जब उनके पिता को लग गई तो उन्होंने ज्योति राव को घर से निकाल दिया। इसके बाद भी उन्होंने हार नहीं मानी और सावित्री की पढ़ाई जारी रखी। इस मौके पर प्रदेश सचिव शर्मिला राजपुरोहित, अध्यक्ष ललिता परिहार, लाखोटिया मंडल अध्यक्ष कमला सोलंकी, गीता पंवार, किरण जागरवाल, विजय शर्मा, सीता देवी, पुष्पा परमार, पिंकी निशा सांखला, संरक्षक मिश्रीलाल सोलंकी, मदनसिंह, ओमप्रकाश पाली, कुशाल चौहान, कन्हैयालाल परिहार, बाबूलाल बागड़ी, जगदीश भाटी, महेश सांखला, उमेश सांखला मौजूद रहे।

**सावित्रीबाई फुले की पुण्यतिथि पर प्रतिमा पर किया माल्यार्पण कर मनाई पुण्यतिथि**

लालसोट। उपखण्ड मुख्यालय पर स्थित कोली की कोठी पर स्थित सावित्रीबाई फूले की प्रतिमा पर लालसोट सैनी समाज के गणमान्य नागरिकों ने सावित्रीबाई फुले की 122वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज दिनांक 10 मार्च 2019 रविवार को सावित्रीबाई फुले की प्रतिमा पर सैनी समाज बंधुओं ने माला पहनाकर पुण्यतिथि मनाई। इस दौरान सावित्रीबाई फूले के जीवन पर प्रकाश डालकर सावित्रीबाई फूले के द्वारा किए गए कार्यो को याद किया।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार उधोग मंत्री परसादीलाल मीणा, जिला उपाध्यक्ष गिर्राजप्रसाद कंछला, पार्षद कमलेश कुमार सैनी बंजारा, पार्षद रामप्रसाद सैनी, पार्षद कमलेश कुमार एडवोकेट, पूर्व सचिव रमेश सैनी खटवा सह सचिव मुकेश सैनी अवतार सैनी आडित्या बाबूलाल सैनी, रामप्रसाद सैनी मुनीम गिर्राज सैनी दीवान की कोठी पूर्व नारायण सैनी, रामजीलाल सैनी खटवा चौथमल सैनी, हरकेश सहारा सीताराम सैनी सहित सैनी समाज के अन्य गणमान्यजन सैकड़ों की संख्या में मौजूद रहे।

**सावित्री बाई फुले की 122 पुण्यतिथि मनाई**

महात्माा ज्योतिबा फुले विचार मंच के तत्वावधान में सामाजिक व शैक्षिक क्रान्ति की अग्रदूत सावित्री बाई फुले की 122 पुण्यतिथि मनाई गई। राजस्थान विद्या मंदिर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विचार मंच के अध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री, संरक्षक सतीश सैनी, भाजपा किसान मोर्चा के अध्यक्ष मातादीन सैनी, जीएसएस अध्यक्ष नरेन्द्र सैनी, पूर्व पार्षद रामनिवास सैनी,पार्षद सुरेश सैनी के आतिथ्य पुष्पांजलि सभा आयोजित की गई। सावित्री बाई फुले के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन से शुरु हुए कार्यक्रम में व्याख्याता विकास सैनी ने स्वागत भाषण द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्षता करते हुए मंच अध्यक्ष महेन्द्र शास्त्री ने कहा कि सावित्री बाई फुले जीवन पर्यन्त दलितों,शोषितों,निराश्रितो के लिए संघर्ष करती रही। निर्धन,असहाय,पीडि़त और दीन दुखियों के लिए उसने अपना जीवन समर्पित कर दिया। ऐसी महान समाज सुधारिका व प्रथम शिक्षिका को भारत रत्न जैसे सम्मान से नवाजा जाना चाहिए। पुष्पांजलि सभा में कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, सह कोषाध्यक्ष राधेश्याम सैनी, पर्यावरण



सचिव रामस्वरूप सैनी, शिक्षा सचिव प्रदीप सैनी, व्याख्याता मनीष सैनी, अध्यापक जयसिंह सैनी ,राजेंद्र सैनी, रघुवीर सैनी, विनोद चान्दोलिया, इंजीनियर रवि सैनी, श्यामसुन्दर सैनी, पुनित कटारिया, संजय सैनी, महेन्द्र सैनी, सुरेश सैनी, राकेश तंवर, ब्रह्मानंद सैनी, लीलाधर सैनी सहित मंच के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे। आभार व धन्यवाद दुर्गादत्त सैनी ने व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सह कोषाध्यक्ष राधेश्याम सैनी ने किया।

**सावित्री बाई फुले की पूण्य तिथि पर पुष्पांजलि और सामाजिक चिंतन संगोष्टी एव बालिकाओ को सम्मानित किया**

कोटा। श्री मंगलेश्वर महादेव व्यायामशाला छावनी में प्रबुद्वजन व माली समाज ने शाम 4 बजे भारत की प्रथम महिला शिक्षिका, समाज सुधारिका, मराठी कवयित्री 'माँ सावित्री बाई फुले की 122 वी पुण्यतिथि जयंती पर सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर सभी प्रभुदजनो द्वारा ज्योतिबा व माँ सावित्री फुले अमर रहे के नारे के साथ पुष्पांजलि अर्पण कर नमन किया और सामाजिक चिंतन मंथन विचार संगोशठी आयोजित हुई इस अवसर पर विभिन स्तरों पर विजेता उपविजेता बालिकाओ का माल्यर्पण कर सम्मानित किया

सामाजिक मंथन विचार गोष्टी में डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने कहा कि माँ सावित्री फुले राष्ट्र की महानायिका है जिन्होंने लगभग 171 वर्ष पूर्व जाति, धर्म,मजहब से ऊपर उठकर भारत मे महिला शिक्षा और नारी सशक्तिकरण की अलख जाएगी और आधुनिक भारत की नींव रखी सामाजिक, शेक्षणिक, राजनीतिक दृष्टि से समाज मजबूत करने और गांव गावँ में माँ सावत्री फुले के समाज सुधारो को जन जन में अलख जागने के समाज को संकल्प दिलाया सर्व समाज मे उनके महत्वपूर्ण क्रांतिकारी, महिला शिक्षा, सामाजिक कुरीतियों के लिये मा सावत्री फुले का भारत देश हमेशा कर्जदार रहेगा और हमे प्रेरणा मिलती रहेगी। इस अवसर पर नाथूलाल पहलवान ने महिला सशक्तिकरण के लिए आवाहन किया एवं सत्यनारायण माली ने फुले दंपति को भारत रत्न की मांग उठाने का आग्रह किया। भवानी शंकर गहलोत ने मा सावित्री बाई फुले की जीवनी पर विस्तार से प्रकाश डाला, पार्षद जगदीश मोहिल' द्वारा सर्वजन के सहयोग करने की प्रेरणा दी एवं भानु पहलवान ने धन्यवाद ज्ञापित किया

मुख्य रूप से डॉ दुर्गा शंकर सैनी प्रदेश महासचिव चिकित्सक संघ व सामाजिक कार्यकर्ता, गुरु श्री नाथूलाल पहलवान, सत्यनारायण, भवानी शंकर गहलोत, ब्रिजमोहन, वैभव सैनी, सुमित गोचर, मुकेश सुमन, भानु पहलवान, एवम अखाड़े के बालक बालिकाये भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर डॉ दुर्गा शंकर सैनी ने माता सावित्री बाई फुले की संक्षिप्त जीवनी प्रस्तुत की।




### रावजी की गेर में चार किमी तक युवा और बुजुर्गों का रैला, ढोल-नगाड़े और चंग की थाप पर जमकर झूमे

# जोधपुर में 627 वर्षो से होली पर आयोजत राव जी की गेर की अनूठी परंपरा आज भी कायम



जोधपुर। पैरों में घुंघरू और चंग व मंजीरों पर थिरकते रंग-बि रंगे कपड़े और साफा पहने युवा और बुजुर्ग। हर एक के हाथ में हॉकी और बेस बॉल का बेट, लेकिन हर कोई शालीनता और अनुशासन में। मौका था, मंडोर गार्डन में रावजी गेर मेले का। इस दौरान हजारों की संख्या में लोग चंग और मंजीरे लेकर फाग गाते हुए मंडोर गार्डन आए। यहां रावजी की गेर में राव राजा बने खोखरिया बेरा के जगदीश गहलोत ने रावजी के कुंड में डुबकी लगाई और इसके साथ मेला विसर्जित हो गया।

माली समाज की ओर से धुलण्डी पर मंडोर क्षेत्र से निकलने वाले राव जी की गेर प्राचीन काल से निकाली जाती रही है यह परंपरा कब से चल रही है इसके बारे में समाज के बुजुर्गों को यह ज्ञात है कि करीब 627 वर्ष पूर्व से यह परंपरा चल रही है बचपन से लेकर बुजुर्ग तक इस परंपरा को समाज के साथ निभा रहे हैं आज तक युवाओं का जोश इसमें कभी कम नहीं हुआ है।

यहां की अनूठी परंपरा है कि राव खोखरिया बेरा ही चुना जाता है तथा उसकी सुरक्षा व सही सलामत रुप से मण्डोर उद्यान तक पहुंचाने के लिए सुरक्षा की जिम्मेदारी मण्डावता बेरा वालों की होती है यहां के लोगों के हाथों में लाठी एवं हो की होती हैं जो राव का सुरक्षा का घेरा बनाकर उसे आगे ले जाते हैं मंडोर उद्यान राव कुण्ड में पहुंचते ही सबसे पहले राव उसमें डुबकी लगाते हैं उसके बाद अन्य युवक उन्हें स्नान करते हैं जैसे ही राव कुंड में स्नान के लिए उतरता है मंडावर की सुरक्षा की जिम्मेदारी पूरी हो जाती है। गेर की ओर विशेष परंपरा है जिसके अनुसार ऐसे युवकों राव बनाया जाता है जो नवविवाहित हो अच्छा कद काठी का मजबूत हो। मण्डावता के शिव मंदिर से दोपहर करीब 3.30 बजे गेर का आगाज होता है यहां से गेर को खोखरीया बेरा जाती है तथा वहां के लोगों को साथ लेकर भियाली बेरा, गोपी बेरा अंदर से होते हुए फूलबाग नदी होते हुए फतेह बाग संतोष जी के बेरे पर पहुंचती है यहां आमली बेरा वाले भी मौजूद रहते हैं आमली बेरा के दो परिवार बारी बारी से ही राव का चयन करते हैं लेकिन खास बात यह है कि राव हमेशा खोखरिया बेरा गांव का युवा ही चयन किया जाता है जिसको चुनकर उसकी पीठ पर छापा लगाते हैं राव होने के बाद उसका श्रृंगार किया जाता है ऐसी मान्यता है कि राव राजा जितना अच्छा नृत्य करता है उसी के आधार पर जमाने के संकेत मिलते हैं। इसके बारे में 80 साल के पन्नालाल जी भियाली बेरा निवासी ने बताया कि आज भी वे राव के मेले में उत्साह से भाग लेते हैं बचपन से ही इस मेले में भाग लेते आए हैं उन्हें खूब आनंद आता है उनकी वजह से पूरे रास्ते तो नहीं जाता लेकिन भागीदारी अवश्य निभाते है।


इस मेले में हजारों की संख्या में समाज के लोगों के साथ अन्य समाज के लोग भी भाग लेने दूर दूर से पहुंचते हैं सभी सज धज के ढ़ोल एवं चंग की थाप पर नृत्य करते हुए तथा होली के गीत गाते हुए सामाजिक एकता एवं समरसता का परिचय देते है। इय बार गेर के मेले में केंद्रीय राज्यमंत्री गजेंद्रसिंह शेखावत व कांग्रेस के राष्ट्रीय सदस्य वैभव गहलोत, राजेंद्रसिंह सोलंकी, राजेन्द्र गहलोत, राज गहलोत, सुनील परिहार, मंयक देवड़ा, सहित सैकड़ों जनप्रतिनिधि मौजूद थे। राव के मेले की यह अनुपम विरासत को समाज की पीढ़ियों ने आज भी कायम रखा हुआ है।

# माली संस्थान, जोधपुर द्वारा अनुपम प्रयास समाज के युवाओं हेतु आई. ए. एस. की तैयारियों हेतु नई दिल्ली में प्रारंभ की कोचिंग



## माली समाज प्रतिभा प्रोत्साहन योजना





समस्त भारत में माली सैनी कुशवाहा शाक्य आदि जातियां देश की जनसंख्या का लगभग 14 प्रतिशत है। जनसंख्या के अनुपात में हमारी सहभागिता भी उतनी ही होनी चाहिए किंतु वास्तविकता यह है कि उच्च पदों पर हमारी सहभागिता मात्र 0.25 प्रतिशत है जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। इस स्थिति को सुधारने के लिए हमें भगीरथ प्रयत्न करने की नितांत आवश्यकता है। आज राजनीतिक एवं प्रशासनिक पदों पर समाज की विद्यमानता अत्यल्प है जो एक चिंतनीय विषय है इस स्थिति में सुधार की दृष्टि से संस्थान द्वारा एक महत्वपूर्ण सेवा उपक्रम माली समाज प्रतिभा प्रोत्साहन योजना का शुभारंभ किया गया है जिसकी चरणबद्ध क्रियान्विति इसे समाज में आशातीत बदलाव के साथ खुशहाली एवं समृद्धि की कल्पना की जा सकती है।

इस दृष्टि से माली संस्थान जोधपुर द्वारा योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु दिनांक 19 जून 2018 को श्री ओ.पी. सैनी के नेतृत्व में एक कमेटी (समिति) का गठन किया गया है जो समयबद्ध तरीके से काम करेगी प्रथम चरण में इस कमेटी द्वारा "माली समाज टैलेंट सर्च" के अंतर्गत ऑनलाइन परीक्षा का आयोजन कर एक वरीयता सूची तैयार की गई है। इस वरीयता सूची के माध्यम से 45 उम्मीदवारों का लिखित कौशल (Writing Skills), पठन कौशल (Reading Skills), दृढ़ निश्चय (Determination), सामान्य ज्ञान (General Knowledge), जाँच कर वरीयता से 10 उम्मीदवारों का चयन किया गया है इन्हें और अविलंब अखिल भारतीय ज्योतिबा फुले प्रशिक्षण केंद्र दिल्ली में सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवा दी गई है। यही नहीं समिति द्वारा दिल्ली में संचालित अन्य कोचिंग सेंटर का अध्ययन करने के पश्चात संघ लोक सेवा आयोग (U.P.S.C.) द्वारा भविष्य में आयोजित सभी संभावित परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

शिक्षा क्षेत्र में तुलनात्मक अध्ययन के पश्चात कमेटी समिति को आभास हुआ कि समाज में संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं के योग्य उम्मीदवारों की कमी है। कमेटी द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए यह तय किया गया कि माध्यमिक शिक्षा (10वीं एवं 12वीं कक्षा) के साथ योग्यतम विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें विभिन्न विषयों, यथा रू अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान आदि की पूरी तैयारी के साथ प्रतियोगी परीक्षाओं



प्रस्तावित लाईब्रेरी



प्रस्तावित भवन

के लिए तैयार किया जाए और साथ ही व्यक्तित्व विकास (च्तेवदंसपजल क्मअमसवचउमदज) के लिए भी सर्व सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाए ताकि प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता सुनिश्चित हो सके। इसके लिए सर्व सुविधायुक्त पुस्तकालय (स्पइतंतल) की कमी महसूस की गई इस कमी की पूर्ति के लिए संस्थान परिसर में एक समृद्ध पुस्तकालय की योजना बनाई गई है जिस पर शीघ्र क्रियान्वयन होगा।

अगले चरण में नई दिल्ली में एक कोचिंग सेंटर स्थापित संचालित करने प्राथमिक आवश्यकता महसूस की गई है जिसे पूर्ण करने के लिए नई दिल्ली के निकट गुड़गांव में 500 स्क्वायर यार्ड के भूखण्ड पर कोचिंग सेंटर विकसित किया जाना प्रस्तावित है जो वर्तमान तथा भविष्य की सभी शैक्षिक आवश्यकता की पूर्ति करने में सक्षम हो। समिति उपयुक्त स्थान पर कोचिंग सेंटर स्थापित संचालित करने के लिए प्रयत्नशील है एक अनुमान के अनुसार इस योजना पर "7 करोड़" की राशि खर्च होने की संभावना है प्रस्तावित कोचिंग सेंटर के भवन में सौर ऊर्जा की व्यवस्था प्रस्तावित है। सम्पूर्ण योजना की 2 वर्ष के भीतर क्रियान्वयन के लिए समाज के अधिकतम व हर सम्भव सहयोग की अपेक्षा है।


किशन सिंह गहलोत
9829871595
8875789176

महेश गहलोत
8955343002
9680692792





नीम गिलोय
( अमरता )

कड़ी पत्ता (मीठा नीम)

औषधीय गुण सहित (Anti Biotic)

मीठा नीम ताजा/ सूखा पाउडर



कृष्णा सप्लायर्स

नीम के औषधीय गुण
1. वजन को नियंत्रित करता हैं।
2. बालों को झड़ने व असमय गंजापन को रोकता है।
3. पेट के लिए फायदेमंद है।
4. आंखों की रोशनी को बढ़ाता है।
5. कोलेस्ट्रोल को नियंत्रित करता है।
6. शुगर को नियंत्रित रखता है।

गिलोय के औषधीय गुण :
1. खून की कमी को दूर करता है।
2. पेट संबधी रोगों को दूर करता है।
3. पीलिया रोग में फायदेमंद ।
4. आंखों के लिए फायदेमंद।
5. रक्त कैंसर, कैंसर, टी.बी., मिर्गी बांझपन में सहायक।
6. मोटापा दूर करने में सहायक।

बेरा नारायण सागर, जसवंत सागर बांध के पीछे, मण्डोर, जोधपुर

# लाडनूं के प्रवासियों ने तिरंगा ले इटली में निकाला कैंडल मार्च, बोले—आतंक बर्दाश्त नहीं करेंगे

**देश से विदेश तक शहादत का सलाम इटली के लिचे में पियाजा सेंट ओरोंजो में भारतीय समुदाय के लोगों ने शहीदो को दी श्रद्धांजलि, पाकिस्तान के खिलाफ नारे भी लगाए**

इटली। पुलवामा के आतंकी हमले के बाद पूरा देश शहीद हुए जवानों के परिजनों के साथ खड़ा है और मदद के लिए आगे आ रहा है। हमले के बाद लोगों ने कैंडल मार्च, सभाएं, विरोध—प्रदर्शन व ज्ञापन आदि देकर कड़ी कार्रवाई की मांग की थी। यह रोष केवल भारत में ही नहीं, भारत से बाहर विदेशों में रह रहे भारतीय समुदाय के दिलों में भी है। उनमें पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश है। इटली में रहने वाले लाडनूं व सुजानगढ़ क्षेत्र के प्रवासी भारतीयों ने नोन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के तत्वावधान में वहां इटली के लिचे में पियाजा सेंट ओरोंजो में कैंडल मार्च निकालकर देश के समस्त शहीद सैनिकों के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की, वहीं पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश प्रकट किया। मार्च में शामिल प्रवासी भारतीयों ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे जोश—खरोस से लगाए। सभी लोगों ने अपने हाथों में हमारा राष्ट्र—ध्वज तिरंगा ले रखा था तथा शांति की कामना के साथ पंचरंगा का झंडा, जिसपर पी.ए.सी.ई. (पेस यानि शांति) लिखा हुआ भी हाथों में थाम रखा था। इस जुलूस में शामिल सभी लोगों ने पहले शहीद हुए जवानों के चित्रों के फ्लेक्स के समक्ष मोमबत्तियां जलाई। सभी लिचे (पुगलिया) से पोर्टा सान विग्गियो—पियाजा डी—इटालिया पर पहुंचे और शहीदों को पुष्पाजंलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वहां स्थित पंजीकृत संगठन नोन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के अध्यक्ष विश्वनाथ माली ने वहां से शासकीय अनुमति के लिए आवेदन किया तथा अनुमति मिलने पर जुलूस निकाला था।

**हम दुनिया को संदेश देना चाहते हैं**

एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी लालचंद तंवर ने बताया कि हमने नॉन रेजिडेंट इंडियन एसोसिएशन के तत्वाधान में विश्वनाथ माली के नेतृत्व में इटली में स्थानीय पुलिस से अनुमति लेकर फिर इटली में कैंडल मार्च निकाला। हमारे यहां लाडनूं, सुजानगढ़ व आस पास के क्षेत्रों के सभी भारतीयों ने मिलकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की और हमने दुनिया को ये संदेश दिया कि भारतीय चाहे कहीं पर भी रहें, वे अपने देश के लिए वफादार है। उन्होंने बताया कि पुलवामा घटना के बाद से हम सब में पाकिस्तान के प्रति भारी आक्रोश व्याप्त है।

इस कार्यक्रम में लालचंद तंवर व विश्वनाथ माली के अलावा संजय यादव, सांवरमल, लीलाधर जांगिड़, विजय कुमार, पवन कुमार माली, सुभाष सैनी, सुशील तंवर, बिहारी लाल सैनी, हनुमान नाथ, सत्यपाल सैनी, मदन भाटी, सांवर मल सैनी, हजारी सैनी सहित बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग शामिल हुए। गौरतलब है कि लाडनूं व सुजानगढ़ क्षेत्र से बड़ी तादाद में लोग बरसों से इटली में रोम, पादवा, लिचे आदि स्थानों पर रह रहे हैं।

# मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत गुजराती माली समाज का विवाह सम्मेलन संपन्न 58 वर—वधु ने अग्नि को साक्षी मानकर की नवदाम्पतय जीवन की शुरूआत



मुख्यमंत्री कन्यादान योजनांतर्गत बालौदा कोरन में गुरूवार को प्रथम सामूहिक विवाह सम्मेलन श्री गुजराती माली समाज के तत्वाधान में पं. रूपेश शर्मा अग्निहोत्री के आचार्यत्व में सम्पन्न हुआ सामूहिक विवाह सम्मेलन में 58 वर वधुओं ने अग्नि को साक्षी मान नवदाम्पत्य जीवन की शुरूआत की समिति द्वारा 58 जोड़ो को पलंग, बिस्तर, मंगलसूत्र एवं घरेलू उपयोगी सामान प्रदान किया। प्रत्येक जोड़ों को दो—दो हजार रूपए नकद प्रदान किए।

सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष मांगीलाल मकवाना ने बताया कि सामूहिक विवाह सम्मेलन हमारी सामाजिक एकता को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है ताकि हम सब एक पडांल के नीचे आकर एक होकर इस प्रकार सामूहिक विवाह सम्मेलन कार्यक्रम में माली समाज प्रदेश अध्यक्ष ........... चौहान, विधायक प्रतिनिधि ..... मोरवाल, कपिल मोरवाल, कांग्रेस अध्यक्ष बद्रीलाल आचार्य, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेश पटेल, भाजपा जिला मंत्री संजय शर्मा, पूर्व विधायक शांतिलाल धबाई, कृष्णचन्द यादव, श्याम विश्नवाणी भाजपा अध्यक्ष कृष्णचन्द रावड़, किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तेजसिंह राठौर, समाज के प्रकाश गौड़, श्याम माली, कैलाश वाघेला, महेश सोलंकी, गोपाल माली सहित बड़ी संख्या में गणमान्यजन उपस्थित थे। संचालन नागूलाल चौहान एवं रामगोपाल मोहरी ने किया। आभार सत्यम गेहलोत ने माना।

# महात्मा फुले सामाजिक शिक्षण संस्थान ओंकारेश्वर धर्मशाला का हुआ लोकार्पण



औंकारेश्वर (म.प्र.)। श्री गुजराती रामी माली समाज द्वारा निर्मित धर्मशाला का लोकापर्ण समारोह 3 मार्च को हजारों समाज भाई बहनों की उपस्थित में हुआ।

समाज के महामंत्री सत्यनाराण चौहान पार्षद उज्जैन ने बताया कि समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष यादवलाल चौहान ने की मुख्य अतिथि जी.पी. माली प्रदेश अध्यक्ष, जगदीश सैनी राष्ट्रीय अध्यक्ष, रामनारायण चौहान महासचिव महात्मा फुल सामाजिक शिक्षण संस्थान दिल्ली, मोहन पटेल जावरा ने कहा समाज ने तन मन धन से सहयोग देकर नरसिंह घाट उज्जैन धर्मशाला के बाद तीर्थ क्षेत्र औंकारेश्वर में यादवलाल चौहान व साथियों ने कड़ा परिश्रम कर 6 माह में धर्मशाला का निर्माण कर तीर्थ यात्रियों को उपहार दिया जो बधाई के पात्र है। अब इन्दौर में नारायण माली, पूनमचन्द माली द्वारा छात्रावास के लिये दिये गये भूदान स्थल पर भव्य छात्रावास का निमार्ण अभियान प्रारम्भ किया जाय। समाज कुरीतियां छोड़कर महात्मा फुले, सावित्रीबाई फुले के आदर्श के अनुरूप बच्चो को शिक्षित कर राष्ट्र निर्माण में योगदान करें।

अतिथियों ने वनमाली पत्रिका, लोकेश वर्मा द्वारा प्रकाशित 99 इंडिया न्यूज की डायरी, शिक्षा इशारा, फुले दर्शन का विमोचन किया।

समारोह को सत्यनारायण पटेल, नारायण माल (हरसोला) कैलाश पटेल (आगर), गजानन्द रामी पत्रकार, जगदीश सोलंकी, सचिन माली (भोपाल), विनोद मकवाना (बड़नगर) आदि ने सम्बोधित किया।


आयोजन में हरसोला, भगोरा, बिजलपुर, इन्दौर, उज्जैन, देवास, बड़नगर, धार, तराना, आदि जिला, तहसील ग्राम की महिलाओं पुरुषों ने भाग लेकर सफल बनाया एवं इन्दौर छात्रावास निर्माण में तन मन धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।



# जिला सैनी महासभा के पूरणमल सैनी पुनः बने अध्यक्ष चुनाव प्रक्रिया में एक पैनल ने ही किया नामांकन प्रस्तुत

अलवर। जिला सैनी महासभा के गुरूवार को हुए चुनाव प्रक्रिया में पूरणमल सैनी पुनः निर्विरोध निर्वाचित चुने गए। मुख्य चुनाव अधिकारी आदर्श किशोर यादव ने बताया कि अलवर जिला सैनी महासभा कार्यकारणी चुनाव कार्यक्रम के तहत केवल एक ही पैनल से नामांकन प्रस्तुत किया गया। बुधवार को नामांकन जांच प्रक्रिया के बाद गुरूवार को दोपहर तीन बज अध्यक्ष पद पर पूरणमल सैनी, उपाध्यक्ष पद पर भगवत बाल्याण, महामन्त्री पद पर लक्ष्मण सिंह सैनी, कोषाध्यक्ष पद पर सीताराम सैनी कुशालगढ़ वाले, मंत्री पद पर सुबेदार हरभजन सैनी रामगढ़ वाले, संगठन मंत्री पद पर कृष्णकुमार सैनी तिजारा वाले की निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। वहीं सभी सातों निर्वाचित पदाधिकारियों को सैनी समाज सभाभवन परिसर में निर्वाचन प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए।

अलवर जिला सैनी महासभा के पूर्व महामन्त्री जितेन्द्र खुराडिया ने बताया कि नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का काशीराम का चौराहा समीप सैनी समाज सभा भवन परिसर से विजयी जुलूस निकाला गया। जो शहर के घंटाघर, पंसारीबाजार से होते हुए पुलिस कंट्रोलरूम से महात्मा मोहनदास बाबा के मन्दिर पंहुचा। जहां सभी उनकी प्रतिमा पर मालाअर्पण किया और धोक लगाई। इसके बाद जुलूस महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर भी पहुंचा और वहां भी पुष्पांजलि अर्पित कर आशीर्वाद लिया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने सैनी समाज का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस महासचिव अशोक सैनी, पूर्व प्रधान अभय सैनी पप्पूभाई, पूर्व नगर परिसद् चेयरमैन योगेश सैनी, सामूहिक विवाह समिति अध्यक्ष निरंजनलाल सैनी, सैनी शिक्षा समिति उपाध्यक्ष पुरण जैतपुरिया, रैणी पंचायात समिति प्रधान अनिता ओमप्रकाश सैनी, तिजारा नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि रामेस्वर सैनी, मालाखेड़ा समाज अध्यक्ष लालाराम सैनी, गोविंदगढ़ समाज अध्यक्ष भागचन्द सैनी, कठूमर समाज अध्यक्ष ग्यारसीलाल सैनी, थानागाजी पूर्व सरपंच चांदमल सैनी, मौजपुर समाज अध्यक्ष धन्नालाल सैनी, प्रकाश चन्द सैनी बानसुर, खेमचन्द सैनी, प्रहलाद सवरूप सैनी, रमेशचन्द सैनी, बिसनलाल सैनी, रूपकिशोर सैनी, रामपाल सैनी, किशोर सैनी, कैलाश सैनी, ओमप्रकाश सैनी, हरपाल सैनी, घनश्याम सैनी, पदमचन्द सैनी, दीपक सैनी, कमल सैनी, रामगोपाल सैनी, हरिसिंह सैनी, बलबीर सैनी, मनोज सैनी सहित सैकड़ोकी संख्या में सामाजिक प्रतिनिधि व कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## हार्दिक बधाई

**महिला सशक्तिकरण की ओर एक और कदम बढ़ाते हुए भारतीर जनता पार्टी ने श्रीमती मीना सांखला को शक्ति केंद्र जोधपुर के जिला संयोजक का दायित्व दिया है। माली सैनी संदेश परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।**

## श्रीसैनी को वाशिंगटन सीनेट ने किया सम्मानित




वाशिंगटन। पंजाब के समीपवर्ती अबोहर की श्रीसैनी को अमेरिका में प्रांतिय विधानसभा का दर्जा रखने वाली वाशिंगटन सीनेट ने अपनी विशेष बैठक में आमंत्रित करके सम्मानित किया। सदन में उसका अभिनन्दन करने के लिये प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया। जिसका टेलीविजन पर लाईव टेलीकास्ट हुआ। सभी सदस्यों ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए अपनी कुर्सियों से खड़े होकर श्रीसैनी का अभिनंदन किया।

कार्यक्रम के बाद इसकी जानकारी देते हुए श्रीसैनी की माता एकता सैनी ने बताया कि हम सीनेटर जूडी वार्षिक के कार्यालय में पहुंचे। वह हमें सदन तक ले गई और अपने संबोधन में उसने कहा कि वह श्रीसैनी को बचपन से जानती है। उसके कार्यालय में मिडिल स्कूल की छात्रा के तौर पर कई साल पहले श्रीसैनी ने जो चित्र दीवार पर अंकित किया था वह अब भी सुरक्षित है। सदस्यों को संबोधित करते हुए उसने कहा कि श्रीसैनी दूसरी लडकियों से स्कूली शिक्षा के दौरान भी एकदम अलग और अधिक प्रतिभाशाली नजर आती थी। इसके बाद श्री सैनी को संबोधन के लिए आमंत्रित किया गया। उसने सदन के सदस्यों के प्रति इस सम्मान पर आभार जताते हुए कहा कि से क्षण इसके जीवन में अविस्मरणीय रहेंगे। सीनेटर टिम शैलडोन सहित कई सदस्य श्री सैनी के संबोधन के तुरंत बाद उसके पास आये और समाज सेवी संगठनों के माध्यम से की जा रही उसकी सेवाओं पर बधाई दी। इसके बाद राज्य के प्रतिनिधी टीम डेंट उन्हें अपने कार्यालय में ले गये और काफी देर तक जनहित योजनाओं पर मंत्रणा की।

सैक्रेटरी आफ स्टेट किम वाईमन श्रीसैनी व एकता सैनी को अपने कार्यालय में ले गई और स्टाफ को निर्देश दिया कि चैरिटी फंड एकत्रित करने के लिये आयोजित किये जाने वाले अगले कार्यक्रम में श्रीसैनी को विशेष रूप से आमंत्रित किया जायें। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी श्री सैनी ऐसे कार्यक्रम की मुख्य वक्ता के रूप में आमंत्रित की गई थी। वाशिंगटन के लैम्टीनेंट गर्वनर सायरस हबीब उन महानुभावों में शामिल थे जो प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के समय श्रीसैनी के साथ मंच पर मौजूद थे। कुल मिलाकर श्रीसैनी परिवार ने 8 घटें का समय शीर्षस्थ राजनेताओं के बीच बिताया। उनका कहना है कि ऐसे कार्यक्रम की कभी उन्होने कल्पना तक नहीं की थी। वह पारिवारिक संस्कारों व नैतिक मूल्यों का ही परिणाम है कि अमेरिका में उन्हें इतना अधिक स्नेह सत्कार व सफलता प्राप्त हो रही है। अबोहर में श्रीसैनी के नाना तिलक राज सचदेवा व नानी श्रीमती विजय लक्ष्मी सचदेवा ने इस उपलब्धि को पंजाब निवासियों की दुवाओं का फल बताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में भी श्रीसैनी सामाजिक उत्थान के अभियान से जुड़ी रहेंगी।

## अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही सीमा कुशवाहा



वो आधी आबादी है, वो जीवनदायनी है, वो सबला है, वो घर का मान–सम्मान है, वो कर्त्तव्य की देवी हैं.....

सदियों से महिलाअें को उनके अधिकारों से वंचित रखा गया है, ताकि वे कभी अपनी आवाज को बुलंद नहीं कर सकें। आज जब हमारे देश में महिलाएं इतने बड़े–बड़े मुकाम पर पहुंच गई हैं, तो वहीं कुछ ऐसे तबके भी हैं जहां महिलाएं अपने अधिकारों से अंजान है। इसके चलते उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। एक संगठन से जुड़ी सीमा कुशवाहा बताती है कि वह पेशे से वकील है और उनका बचपन उत्तर प्रदेश के एक छोटे से गांव में बीता है। वह बताती है कि उन्होंने बचपन से ही देखा कि कैसे कुछ महिलाओं का समाज व उनके पति कि ओर से शोषण किया जाता है और जब बात आवाज उठाने की आती है तो जीवन का गुजर–बसर कैसे होगा, यह बात सोचकर महिलाएं पीछे हट जाती है।

जब सीमा शहर में आई तो यहां भी स्थिति करीब–करीब सामान ही थी। गांव से निकलकर शहर में आने के बाद भी गरीब तबके की महिलाओं की स्थिति में कोई सुधार देखने को नहीं मिला। सीमा महिलाओं को उनके हक के बारे में जागरूक करने के लिए हमेशा तत्पर रहती है। साथ ही दुष्कर्म पीड़िता, ससुराल व पति प्रताड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने में उनकी मदद करती हैं। सीमा बताती हैं कि वे और उनकी संस्था के अन्य सदस्य समय–समय पर झुग्गी–झोपड़ी में जाकर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन करती हैं। इस दौरान वे महिलाओं से अपील करती हैं कि यदि उनकी कोई भी समस्या है तो उसे उनसे साझा करें। सोशल नेटवर्किंग साइट के माध्यम से भी सीमा महिलाओं से जुड़ने का प्रयास करती हैं, ताकि किसी भी कारणों के चलते महिलाएं शोषण को बर्दाश्त न करें और खुलकर सामने आएं। अभी तक सीमा 100 महिलाओं की मदद कर चुकी है। सीमा बताती हैं कि कई बार पुलिस थानों में पीड़िता की शिकायत दर्ज नहीं की जाती है और उनसे कई ऐसे सवाल पूछे जाते हैं, जिससे वह असहज महसूस करती है। ऐसी स्थिति में महिलाएं उनसे सम्पर्क करती हैं, ताकि कानून की पेचीदगियों के चलते आरोपी सजा से बच न सके। वही कई मामलों में महिलाएं और उनका परिवार समझौते की मांग करते है, ऐसे में वे दोनो पक्षो की कांउसलिंग कर समझौते में अहम भूमिका निभाती हैं। महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सीमा न सिर्फ दिल्ली बल्कि आसपास के राज्यों में भी जाती है। सीमा का मानना है कि उनकी शिक्षा का लाभ सभी को मिलना चाहिए।

# नागरिक परिषद, राजस्थान का गठन




जयपुर। नागरिक अधिकार परिषद, राजस्थान के द्वारा आमजन के नागरिक अधिकारों के विषय पर सम्मेलन का आयोजन तलवारिया गार्डन, महेश नगर, जयपुर में किया गया, सम्मेलन मे नागरिको को प्रदत अधिकारों जेसे नागरिक सुरक्षा, चिकित्सा, शिक्षा, आवास, इत्यादि मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की गई, परिषद के महासचिव श्री सुरेश सैनी(छभ।ए) ने बताया सम्मेलन में बार काउंसिल राजस्थान के अध्यक्ष और अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री चिरंजीलाल सैनी, पूर्व वरिष्ठ आईएएस श्री सत्यनारायण सिंह, श्री पन्नालाल मेघवाल पूर्व संयुक्त आयुक्त जीएसटी, श्री कीर्ति चंदेल अतिरिक्त सरकारी वकील, समाजसेविका श्रीमति सुमन सहित अन्य अतिथियो ने नागरिक अधिकार के विषयों पर अपने– अपने विचार रखे और परिषद की पहल की सराहना की, साथ ही इस प्रकार के सम्मेलन लगातार आयोजित किये जाने पर जोर दिया ताकि नागरिक अपने अधिकारो के प्रति सजग रह। सम्मेलन मे नवनियुक्त सरकारी अधिवक्ताओं का सम्मान किया गया।

परिषद के अध्यक्ष श्री मनफूल सिंह ने संस्था के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुये कहा है कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने नागरिक अधिकारों के बारे में सजग रहना चाहिए, उन्होने जनता से अनुरोध है कि आप नागरिक अधिकारों की बेह्तर जानकारी के लिए नियमित रूप से ऐसे सेमिनारों में भाग लेवे. श्री बी.एल. मालाकार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने सम्मेलन में आये सभी लोगो का धन्यवाद ज्ञापित किया.

# सुरेन्द्र सैनी की मेहनत ने स्वच्छता सर्वेक्षण में नवलगढ का एक बार फिर दिलाया सम्मान



झुंझुनूं। जिले की नवलगढ़ नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान 2018 में राजस्थान में छठे स्थान पर रही हैं, इस पर खुशी जाहिर करते हुए इसका श्रेय चौयरमेन सुरेंद्र सैनी ने नवलगढ़ के नागरिकों को दिया स उन्होंने बताया की शहरवासियों की सामुहिक सहभागिता की वजह से ही नवलगढ़ शहर इस मुकाम तक पहुंचा हैं

इसके लिए चेयरमैन सैनी ने सभी का आभार जताया। चेयरमैन ने बताया की इसका मुख्य कारण स्वच्छता के प्रति लोगों में आई जागरूकता है, क्योंकि लोग आज कचरा कचरा पात्र में ही ड़ालते हैं। इसी का परिणाम है की हम इस मंजिल तक पहुचे साथ ही सभी वार्ड पार्षदों, सभी सफाई कर्मचारियों व सफाई से जुड़ें ठेकेदारों व अपने ऑफिस स्टॉफ का आभार जताया।

# जिला शिक्षा अधिकारी प्रेमचंद सांखला का शिक्षण संस्थाओं द्वारा किया गया अभिनंदन




जोधपुर। निजी शिक्षण संस्थान जोधपुर के पदाधिकारियो, संचालकों व संस्था प्रधानों की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), जोधपुर मुख्यालय के पद पर हाल ही में स्थानातंरित होकर पदभार ग्रहण करने पर श्रीमान् प्रेमचंद साँखला का जिला शिक्षा विभाग (माध्यमिक) कार्यालय में पहुँचकर आनन्दसिंह साँखला की अगुवाई में माल्यार्पण व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

इस अवसर पर निजी शिक्षण संघ अध्यक्ष ने संम्बोधित करते हुए बताया कि हमारे लिये हर्ष का विषय है कि साँखला जी के रुप में ईमानदार, कर्त्तव्यनिष्ठ व्यक्ति की नियुक्ति हुई है निः सन्देह शिक्षा के क्षेत्र में आपके निर्देशन में जोधपुर उन्नति करेगा। आपके पूर्व कार्यकाल में जो विकास क्रम शिक्षा के क्षेत्र में गतिमान हुआ था वह इस बार भी जारी रहेगा। श्री जयंत कुमार सांखला ने बधाई देते हुए जिला शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया कि वे इस पद पर रहते हुए निजी व सरकारी दोनों ही विद्यालयों के साथ सांमजस्य पूर्वक व्यवहार करते हुए निजी शिक्षण संस्थाओं के समक्ष आने वाली समस्याओं का निराकरण व मार्गदर्शन प्रदान करेगें।

# हार्दिक बधाई



एडवोकेट
श्री राजेश परिहार



एडवोकेट
श्री लक्ष्मण सोलंकी



एडवोकेट
श्री मनीष टाक

**राजस्थान सरकार द्वारा राज. हाईकोर्ट मुख्यपीठ मे उप राज्य अधिवक्ता नियुक्त होने पर बहुत हार्दिक बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाऐं**

# समाज का परिवार मिलन, वैवाहिक परिचय सम्मेलन धूमधाम से हुआ संपन्न

गुरुग्राम। ऑल इंडिया सैनी सेवा समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष दिलबाग ड्क्ष्सह सैनी ने कहा कि सैनी समाज को राजनीतिक दलों ने सिर्फ चुनाव में वोट बैंक के रूप में उपयोग किया है। चुनावों के बाद समाज के हितों की रक्षा के लिए किसी ने भी सकारात्मक कदम नहीं उठाए। अब समाज ऐसे नेताओं व राजनीतिक दलों को चुनाव में सबक सिखाएगा। यह बात उन्होंने सोमवार को यहां सैनी समाज के परिवार मिलन समारोह व वैवाहिक परिचय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।

दिलबाग सिंह सैनी ने कहा कि संगठन की वर्षों पुरानी मांग है कि महात्मा ज्योतिराव फूले व प्रथम भारतीय महिला शिक्षिका माता सावित्री बाई फूले को भारत रत्न दिये जाने की है। बड़े खेद की बात है कि इस पर किसी भी दल ने सकारात्मक कार्य नहीं किया। उन्होंने राजनीतिक दलों को चेताते हुए कहा कि सभी ने इन महान आत्माओं के नाम को राजनीतिक लाभ के लिए प्रयोग किया है, लेकिन इन्हें सम्मान देने में कोताही की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा स्पीकर तथा भाजपा सरकार में मंत्रियों से मिलकर इसकी मांग की, लेकिन सिवाय आश्वासन केकुछ नहीं मिला। उन्होंने साफ लहजे में कहा कि जो पार्टी सैनी, शाक्य, कुशवाहा, मौर्य समाज का सम्मान नहीं करेगी, ये समाज भी उसका सम्मान कतई नहीं करेंगे। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में ऐसी पार्टियों को सबक सिखाकर समाज अपनी ताकत का अहसास कराएगी। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार सैनी ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और कहा कि भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम निंरतर किये जाएंगे, ताकि समाज को एकत्रित करके संगठित रखा जा सके। उन्होंने समाज के अग्रणी लोगों से आह्वान किया कि वे समाज के निम्न तबके को मुख्यधारा में लाने को अपना और भी सहयोग दें, ताकि उनका जीवन स्तर सुधर सके।

इस समारोह में हरियाणा के अलावा उत्तरप्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, चंडीगढ़ समेत कई स्थानों से समाज के लोगों ने शिरकत की। समारोह में देश के अनेकों राज्यों से पधारे समाज के अविवाहित युवक–युवतियों व उनके अभिभावकों द्वारा भरे हुए डाटा द्वारा राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजकुमार सैनी द्वारा परिचय कराया गया, जिसमें अनेकों जोड़ों का मिलान हुआ। इस दौरान संगठन कार्यकारिणी ने एकत्रित हुए डाटा को संकलित करके लोगों की सुविधा के लिए निशुल्क स्मारिका का भी वितरण किया। मंच का संचालन प्रदेश युवा प्रभारी प्रदीप सैनी द्वारा किया गया।

**सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए :** इस मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। हरियाणा के प्रसिद्ध लोक गीत गायकों में विकास सातरोड़, अमित रोहतकिया व स्वरदीप सैनी ने अनेकों प्रस्तुतियां दी व अपनी आवाज की प्रतिभा से सभी का दिल मोह लिया। कार्यक्रम में पूर्व डीएसपी इन्द्र सिंह सैनी व अन्य विशिष्ट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचन्द सैनी, ग्यारसी लाल सैनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष राजेश सैनी, कुशवाहा समाज के प्रदेश अध्यक्ष आरआर मेहतो, विनोद सैनी, प्रमोद सैनी, मौर्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष डा. आशीष मौर्य, राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष रामसिंह सैनी, उत्तरी हरियाणा के अध्यक्ष गुरनाम सिंह, युवा प्रदेश अध्यक्ष नवनीत सैनी, महिला प्रदेश अध्यक्षा रेनूकोर सैनी, नरेन्द्र सैनी, हरीश सैनी इत्यादि ने समाज के महान महापुरूषों के चित्रों पर पुष्प अर्पित तथा दीप प्रज्वलित करके किया। समारोह के दौरान समाज में वैवाहिक कार्यों में विशिष्ट योगदान के लिए पूर्व डीएसपी जगदीश सैनी, अधीक्षक सुरेश सैनी, मास्टर केसी सैनी, प्रदेश महिला अध्यक्षा नीलम सैनी, पूर्व उपअधीक्षक ओमप्रकाश सैनी, दुलीचन्द सैनी सैनीखेड़ा इत्यादि को स्मृति चिन्ह देकर विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

**कार्यक्रम में इनकी रही अहम भूमिका :** राष्ट्रीय कार्यकारिणी से रेखा सैनी, दक्षिणी हरियाणा प्रदेश कार्यकारिणी के प्रदेश अध्यक्ष हंसराज सैनी, युवा प्रदेश अध्यक्ष संजीव सैनी, प्रदेश सचिव राधेश्याम सैनी, जिला अध्यक्ष रोशनलाल सैनी, जिला युवा अध्यक्ष–हितेश सैनी, सतीश सैनी, बुद्वराम सैनी, बिजेन्द्र सैनी, संदीप सैनी को सफल कार्यक्रम के आयोजन में विशेष भूमिका के लिए सराहना करते हुए भविष्य में भी इस तरह के आयोजन को आयोजित किए जाने पर जोर दिया।

### मजदूर की बेटी बनी कोच और रेफरी

# सरिता सैनी ने बनाई अंतराष्ट्रीय स्तर पर जुड़ों में अपनी पहचान



सीकर। खंडेला. घूंघट में रहनी वाली महिलाएं जब अपनी बेटियों को खुले आकाश में उडने की आजादी देती हैं तब यहीं बेटियां अपने माता–पिता का सिर फक्र से ऊंचा कर देती हैं। खंडेला पंचायत समिति के रामपुरा गांव की बेटी सरिता सैनी ने भी खुले आकाश में उड़ते हुए जूडो में मुकाम हासिल किया है। सरिता ने जूडो में अन्तरराष्ट्रीय स्तर तक खेल कर सीकर जिले का नाम रोशन किया है।

21 वर्ष की आयु में सरिता ने 12 नेशनल जूडो प्रतियोगिताओं में राज्य का प्रतिनिधित्व कर राजस्थान में अनेक प्रतियोगिताएं जीती। साथ ही कोच और रेफरी की भी भूमिका निभाई। वर्तमान में सरिता सीकर जिला जूडो संघ के सचिव व कोच के पद पर है। सरिता ने कई बार जिले का कुश्ति में भी प्रतिनिधित्व किया है। सरिता को राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा 1 लाख 62 हजार जूडो चौम्पियन बनने पर दिए गए थे। वर्तमान में सरिता रामपुरा में जूडो का प्रशिक्षण दे रही है, जहां लड़कियों की एक टीम तैयार की जा रही है। रामपुरा जूडो सेन्टर पर सरिता 30 लड़कियों व 25 लडकों को जूडो व कुश्ति का प्रशिक्षण दे रही हैं। परिवार की आर्थिक स्थित कमजोर होने के बावजूद सरिता ने मेहनत व लगन से यह मुकाम हासिल किया है। सरिता छह भाई बहिनों में तीसरे नम्बर की है। पिताजी मजूदर हैं और माता गृहिणी है।


## महत्वपूर्ण सूचना

**भारत सेवा संस्थान द्वारा निशुल्क मोक्ष वाहन सेवा जोधपुर के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के शव को घर एवं घर से श्मशान तक पहुंचाने में नि: शुल्क सेवाएं 24 घंटे उपलब्ध है।**

**संपर्क सूत्र :**
**श्रीमान नरपत सिंह कच्छवाहा**
**फोन :**
**0291 2550541**
**मो.**
**9314722944**







# विदाई एवं वार्षिक समारोह का भव्य आयोजन

जोधपुर। माता का थान, पूँजला, जोधपुर स्थित माँ शारदा विद्यापीठ सीनियर सैकण्डरी विद्यालय में विदाई एवं वार्षिक समारेह बड़ी धूम धाम से मनाया गया समारोह का आरंभ मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. शेर सिंह गहलोत द्वारा माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर सरस्वती वन्दना से किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम में देशभक्ति गीतों पर नृत्यों व राजस्थानी नृत्यों से सभी का मन मोह लिया। बच्चों द्वारा देशभक्ति नाटक प्रस्तुत किया व पुलवामा में हुए वीर शहीदों की याद में दो मिनट का मोन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों को विदाई उद्बोधन देते हुए कहा कि आज के विद्यार्थी कल के भावी राष्ट्र निर्माता है इसलिये उसे दबाव रहित व तनाव रहित मन लगाकर अध्ययन कर राष्ट्र विकास एवं राष्ट्र रक्षा में अपना सकारात्मक योगदान देने का प्रयत्न करना चाहिए।

इस अवसर पर श्रेष्ठ परिणाम देने वाले विद्यार्थियों व सरकारी सेवाओं में चयनित पूर्व विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। अन्त में विद्यालय के प्रधानाचार्य ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# युवा सिंगर सुमित सैनी द वॉयस के सुपर बैटल में पहुंचे



अपनी आवाज के दम पर कस्बे का नाम रौशन करने वाले सुमित सैनी ने स्टार प्लस के द वॉयस के सुपर बैटल ग्रुप में अपनी जगह बना ली है। रविवार रात को प्रसारित हुए इस कार्यक्रम में मौजूद उसके पिता जयपाल सैनी भावुक हो गए। तो घर पर बैठकर इस कार्यक्रम को देख रही उनकी माता सुरेंद्र कौर, बड़ा भाई अमित, भाभी रीना तथा दोनों छोटी बहनें सपना व नीतू भी खुशी से झूम उठी।

**पिया रे थारे बिना लागे न मारा जिया** : माता के जागरण से गायकी का सफर शुरू करने वाले 26 वर्षीय सुमित सैनी ने फरवरी में स्टार प्लस के द वॉयस कार्यक्रम में धमाकेदार शुरूआत करते हुए टॉप 48 में जगह बना ली थी। इस कार्यक्रम में सुमित सैनी की आवाज से अभिभूत निर्णायक और कोच हर्षदीप कौर ने उसे अपने घराने में शामिल किया था।

रविवार को प्रसारित इस शो में हर्षदीप कौर के ही दो शार्गिदो सुमित सैनी व दीपक राणा के बीच मुकाबला हुआ। इस दोनो ने नूसरत अली खां के लिखे गीत के बोल पिया रे थारे बिना लागे न मारा जिया रे..... पर युगलबंदी की। इस प्रस्तुति के बाद सुमित ने माता के जयकारे के साथ ही कार्यक्रम के मौजुद अपने पिता जयपाल सैनी के पांव छुकर आशीर्वाद लिया। इस कठिन मुकाबले में हर्षदीप कौर के लिए निर्णय करना असमंजस बन गया, लेकिन आखिरकार उन्होने सुमित सैनी को विजयी घोषित किया। इसके साथ ही सुमित सैनी द वॉयस के सुपर बैटल में पहुंचे।

अपनी इस उपलब्धि के लिए सुमित सैनी ने अपने पिता के अलावा समस्त परिवार को श्रेय दिया। उन्होंने बताया कि तीन साल की उम्र से ही जागरण में गायकी का सफर शुरू करने के बाद से ही उनके पिता जयपाल उसके अंगसंग रहे है। सुमित ने भावुक होते हुए बताया कि सर्दी और बारिश के दिनो में उसके कंबल में लपेटकर ले जाते थे। सुमित का मानना है कि उनकी गर्माहट को पाकर ही वह बुलंदियो को छू पा रहा है। सुमित को उम्मीद है कि माता रानी के आशीर्वाद व कस्बावासियों की दुआओं की बदौलत वह इस कार्यक्रम में अवश्य विजेता बनेगा।

# सूबेदार मेजर सुरेश सैनी ने 218 बार रक्तदान एवं प्लेटलेट दान कर बनाया अनोखा रिकार्ड



इंद्री। सेना में सूबेदार मेजर सुरेश सैनी 218 बार रक्तदान एवं प्लेटलेट दान कर चुके को केन्द्रशासित प्रदेश दमन एवं दीव में 10 मार्च को प्रशासक द्वारा सोशल शानिंग अवार्ड–2019 से सम्मानित किया जाएगा। एक लम्हा जिंदगी के नाम फाउंडेशन द्वारा सैनी को दिए जाने वाले अवार्ड की सूचना जब इन्द्री पहुंची तो रक्तदानियों में खुशी की लहर दौड़ गई। शहर के वार्ड चार निवासी एवं सेना में सूबेदार मेजर सुरेश सैनी रक्तदान के क्षेत्र में खासा नाम कमा चुके हैं। पूरे प्रदेश में लोग उनसे रक्तदान के द्वारा समाजसेवा की प्रेरणा ले रहे है। क्षेत्र के रक्तदानियों में वे महागुरू के नाम से जाने जाते है। सुरेश सैनी अपने हर काम में रक्तदान को प्राथमिकता देने वाली शख्सियत है। अपनी बेटी के कन्यादान से पूर्व उन्होंने रक्तदान करके मिसाल कायम की।

उन्होंने रक्तदान का सिलसिला 1986 में उस समय शुरू किया था, जब वे सेना में सिपाही भर्ती हुए थे। उन्होंने बताया कि मिलिटरी अस्पताल सिकंदराबाद में उस समय डिलीवरी के दौरान किसी महिला को रक्त की जरूरत थी। उस समय रक्तदान के प्रति अनेक प्रकार की भ्रांतिया समाज में विद्यमान थी। रक्तदान के लिए कोई तैयार नहीं होता था। सुरेश सैनी ने साहस का परिचय देते हुए रक्तदान किया और उसके बाद से यह सिलसिला चल रहा है।

उन्होंने सेना में हादसे के वक्त और नागरिक समाज में भी जरूरत के वक्त 125 बार रक्तदान कर दिया है। इसके अलावा 93 बार प्लेटलेट दान किए हैं। उन्हे सेना ही दिल्ली, पंजाब, हरियाणा की अनेक संस्थाएं अनेक बार सम्मानित कर चुकी है। हरियाणा के राज्यपाल द्वारा भी उन्हे दो बार गोल्ड–मेडल से नवाजा गया है। अब उन्हे दमन एवं दू में सम्मानित किया जाएगा। इससे क्षेत्र के रक्तदानियों में खुशी का इजहार करते हुए कहा कि हमें सुरेश सैनी पर उनके योगदान के लिए गर्व है।

# माली सैनी संदेश के आजीवन सदस्यता सूची

श्री रामचंद्र गोविंदराम सोलंकी, जोधपुर
श्री नरेश स्व. श्री बलदेवसिंह गहलोत,जोधपुर
श्री प्रभाकर टाक (पूर्वअध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बाबूलाल(पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका), पीपाड़
श्री बंशीलाल मरोठिया, पीपाड़
श्री बाबूलाल पुत्र श्री दयाराम गहलोत, जोधपुर
श्री सोहनलाल  पुत्र श्री हापुराम देवड़ा, मथानियां
श्री अमृतलाल पुत्र श्री ब्रह्मसिंह परिहार, जोधपुर
श्री भोमाराम पंवार(पूर्व उपा., नगरपालिका, बालोतरा
श्री रमेशकुमार पुत्र श्री शंकरलाल गहलोत, बालोतरा
श्री लक्ष्मीचंद पुत्र श्री मोहनलाल सुंदेशा, बालोतरा
श्री वासूदेव पुत्र श्री बाबूलाल गहलोत, बालोतरा
श्री मेहश पुत्र श्री भगवानदास चौहान, बालोतरा
श्री हेमाराम पुत्र श्री रूपाराम पंवार, बालोतरा
श्री छगनलाल पुत्र श्री मिश्रीलाल गहलोत, बालोतरा
श्री सोनाराम पुत्र श्री देवाराम सुंदेशा, बालोतरा
श्री सुजाराम पुत्र श्री पुनम सुंदेशा, बालोतरा
श्री नरेन्द्रकुमार पुत्र श्री अणदाराम पंवार, बालोतरा
श्री शंकरलाल पुत्र श्री मिश्रीमल परिहार, बालोतरा
श्री घेवरचंद पुत्र श्री भोमजी पंवार, बालोतरा
श्री रामकरण पुत्र श्री किशनाराम माली, बालोतरा
श्री रतन पुत्र श्री देवजी परिहार, बालोतरा
श्री मोहनलाल पुत्र श्री रतनाजी परमार, बालोतरा
श्री कैलाश काबली(अध्यक्ष माली समाज), पाली
श्री घीसाराम देवड़ा(मं. महामंत्री, भाजपा), भोपालगढ़
श्री शेषाराम पुत्र श्री मांगीलाल टाक, पीपाड़
श्री बाबूलाल माली,(पूर्व सरपंच, महिलावास)
सिवाणा
श्री रमेशकुमार सांखला, सिवाणा
श्री श्रवणलाल कच्छवाहा, लवेरा बावड़ी
संत श्री हजारीलाल गहलोत, जैतारण
श्री मदनलाल गहलोत, जैतारण
श्री राजूराम सोलंकी, जालोर
श्री जितेन्द्र जालोरी, जालोर
श्री देविन लच्छाजी परिहार, डीसा
श्री हितेशभाई मोहनभाई पंवार, डीसा
श्री प्रकाश भाई नाथालाल सोलंकी, डीसा
श्री मगनलाल गीगाजी पंवार, डीसा
श्री कांतिभाई गलबाराम सुंदेशा, डीसा
श्री नवीनचंद दलाजी गहलोत, डीसा
श्री शिवाजी सोनाजी परमार, डीसा
श्री पोपटलाल चमनाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री भोगीलाल डायाभाई परिहार, डीसा
श्री मुकेश ईश्वरलाल देवड़ा, डीसा
श्री सुखदेव वक्ताजी गहलोत, डीसा
श्री दरगाजी अमराजी सोलंकी, डीसा
श्री भरतकुमार परखाजी सोलंकी, डीसा

श्री जगदीश कुमार रमाजी सोलंकी, डीसा
श्री किशोरकमुार सांखला, डीसा
श्री बाबूलाल गीगाजी टाक, डीसा
श्री देवचंद, रगाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सतीशकुमार लक्ष्मीचंद सांखला, डीसा
श्री गणपतलाल नारायण सोलंकी, डीसा
श्री रमेशकुमार भूराजी परमार, डीसा
श्री वीराजी चेलाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री सोमाजी रूपाजी कच्छवाहा, डीसा
श्री शंकरलाल नारायणजी सोलंकी, डीसा
श्री फुलाजी परखाजी सोलंकी, डीसा
श्री अशोककुमार पुनमाजी सुंदेशा, डीसा
श्री देवाराम पुत्र श्री मांगीलाल परिहार, जोधपुर
श्री संपतसिंह पुत्र श्री बींजाराम गहलोत, जोधपुर
श्री भगवानराम पुत्र श्री अचलुराम गहलोत, जोधपुर
श्री जितेन्द पुत्र श्री प्रेमसिंह कच्छाहा, जोधपुर
श्री सीताराम पुत्र श्री रावतमल सैनी, सरदारशहर
श्री जीवनसिंह पुत्र श्री शिवराज सोलंकी, जोधपुर
श्री घेवरजी पुत्र श्री भोमजी, सर्वोदय सोसायटी,
जोधपुर
श्री जयनाराण गहलोत, चौपासनी चारणान, मथानियां
श्री अशोककुमार, श्री लक्ष्मीनारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री मोहनलाल, श्री पुरखाराम परिहार, चौखा, जोधपुर
श्री प्रेमकिशन पुत्र श्री भंवरलाल सोलंकी, चौखा
श्री हरीसिंह पुत्र श्री चुन्नीलाल गहलोत, जैसलमेर
श्री विजय परमार, तुषार मोटर्स एण्ड कंपनी, भीनमाल
श्री भंवरलाल पुत्र श्री किस्तुर सोलंकी, भीनमाल
श्री शिवलाल परमार, भीनमाल
श्री ओमप्रकाश परिहार, राजस्थान फार्मेसिया, जोधपुर
श्री प्रेमप्रकाश सैनी, मिलन रेस्टोरेण्ट, सीकर
श्री लक्ष्मीकांत पुत्र श्री रामलाल भाटी, सोजतरोड़
श्री रामअकेला, पुत्र श्री गोकुलराम सैनी, पीपाड़ शहर
श्री नरेश देवड़ा, देवड़ा मोटर्स, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह सांखला, सांखला सिमेंट, जोधपुर
श्री कस्तुरराम पुत्र श्री हिमाजी सोलंकी, भीनमल
श्री सांवरराम परमार, भीनमाल
श्री भारताराम परमार, भीनमाल
श्री विजय पुत्र श्री गुमानराम परमार, भीनमाल
श्री डी. डी. पुत्र श्री भंवरलाल भाटी, जोधपुर
श्री ब्रजमोहन पुत्र स्व. श्री रामस्वरूप परिहार, जोधपुर
श्री प्रेमसिंह पुत्र श्री किशोरलाल परिहार, जोधपुर
श्री जयसिंह पुत्र श्री ओमदत्त गहलोत, जोधपुर
श्री मनोहरलाल पुत्र श्री मदनलाल गहलोत, जोधपुर
श्री समुन्द्रसिंह पुत्र श्री नारायणसिंह परिहार, जोधपुर
श्री हिम्मतसिंह पुत्र श्री हरीसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमानसिंह पुत्र श्री बालूराम सैनी, आदमपुरा
श्री अशोक सांखला, पीपाड़

श्री अशोक पुत्र श्री सोहन सांखला, जोधपुर
श्री नटवरलाल माली, जैसलमेर
श्री दिलीप तंवर, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह पंवार, जोधपुर
श्री संपतसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री जगदीश सोलंकी, जोधपुर
श्री मुकेश सोलंकी, जोधपुर
श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर
श्री अमित पंवार, जोधपुर
श्री राकेशकुमार सांखला, जोधपुर
श्री रविन्द्र गहलोत, जोधपुर
श्री रणजीतसिंह भाटी, जोधपुर
श्री तुलसीराम कच्छवाहा, जोधपुर
सैनी उच्च माध्यमिक विद्यालय, भोपालगढ़
माली श्री मोहनलाल परमार, बालोतरा
श्री अरविंद सोलंकी, जोधपुर
श्री सुनील गहलोत, जोधपुर
श्री कुंदनकुमार पंवार, जोधपुर
श्री मनीष गहलोत, जोधपुर
श्री योगेश भाटी, अजमेर
श्री रामनिवास कच्छवाहा, बिलाड़ा
श्री प्रकाशचंद सांखला, ब्यावर
श्री झूमरलाल गहलोत, जोधपुर
श्री गुमानसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अशोक सोलंकी, जोधपुर
श्री महावीर सिंह भाटी, जोधपुर
श्री जयप्रकाश कच्छवाहा, जोधपुर
श्री अशोक टाक, जोधपुर
श्री नरेन्द्रसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री मदनलाल गहलोत, सालावास, जोधपुर
श्री नारायणसिंह कुशवाहा, मध्य प्रदेश
श्री भंवरलाल देवड़ा, बावड़ी, जोधपुर
श्री जवाराराम परमार, रतनपुरा (जालोर)
श्री रूड़ाराम परमार, सांचौर
श्री जगदीश सोलंकी, सांचौर
श्री कपूरचंद गहलोत, मुबंई
श्री टीकमचंद प्रभुराम परिहार, मथानिंया
श्री अरूण गहलोत, गहलोत क्लासेज, जोधपुर
श्री विमलेश नेनाराम गहलोत, मेड़तासिटी (नागौर)
श्री कैलाश ऊँकारराम कच्छवाहा, जोधपुर
माली (सैनी) सेवा संस्थान सब्जी मण्डी, पीपाड़
श्री मदनलाल सांखला, बालरंवा
श्री भीकाराम खेताराम देवड़ा, कुड़ी फार्म, तिंवरी
श्री गणपतलाल सांखला, तिंवरी

# खेताराम हजाजी माली निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित हुए







24 मार्च, सिरोही। श्री मातर माताजी अर्बुदा ट्रस्ट धाम सिरोही के तलेटी पर सुबह 11 बजे बैठक आयोजित की गई। पूर्व बैठक 27 जनवरी के निर्णय अनुसार आज चुनाव तिथि घोषित की थी उसके अनुसार आज सुबह आजीवन सदस्यों ने चुनाव कार्यक्रम में भाग लिया। जिसमें खेताराम हजाजी माली, मेरमाण्डवाडा को सर्वसम्मति से सभी सदस्यों ने लगातार तीसरी बार अध्यक्ष पद के लिए निरविरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। सचिव मंत्री प्रकाश बी. माली ने बताया कि चुनाव अधिकारी शंकरलाल पटेल एवं मोहनलाल माली कि देख रेख में सुबह 11 बजे चुनाव कार्यक्रम चालु हुआ जिसमें तय समय तक एक आवेदन प्राप्त होने से चुनाव अधिकारी ने दोपहर 12.30 बजे र्निविरोध अध्यक्ष पद के लिए निर्वाचित किया गया। अध्यक्ष खेताराम माली ने उपस्थित सदस्यों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी समाज के लोगों को साथ मिलकर श्री मातर माताजी अर्बुदा ट्रस्ट धाम का विकास कराने में सभी को जिम्मेदारी के साथ कार्य करना पडेगा ताकि ट्रस्ट का अच्छा विकास हो सके एवं साथ में वृक्षारोपण कर हरा–भरा बनाने का कार्य करे। साथ ही सभी के तन मन धन से सभी वर्गो एव समाज के सहयोग से विकास कार्य करने में ट्रस्ट का साथ समय–समय पर देने पर धन्यवाद व्यक्त किया। संरक्षक रघुभाई माली ने अध्यक्ष खेताराम माली तन–मन–धन से सहयोग कर माताजी के विकास में सहरानीय सहयोग के लिए भूरी भूरी प्रशंसा की। सभापति ताराराम माली ने अध्यक्ष एव पदाधिकारीयो के सहयोग से मातर माता जी पहाडी में हजारो पौधे लगाकर पर्यावरण के लिए एव दर्शन के लिए आने वाले माताजी के भक्तो के लिए पहाडी में पोधो का छाया से राहत मिली। साथ ही नगर परिषद सिरोही की जब भी आवश्यकता होगी जब ट्रस्ट के साथ खडा रहेगी।

इस अवसर पर भूबाराम माली, रघुभाई माली, ताराराम माली, भुपत भाई देसाई, मीठालाल माली, कमलकान्त देवडा, नैनाराम परमार, खेताराम एम माली, रमेश परामार, मगनलाल माली, बाबुलाल सनपुर, हंजारीमल छिपा, डायालाल गोयली, पुनमाराम गोयली, भीखसिंह भाटी, राजेन्द्र सिंह नरुका, रमेश परमार, प्रदीप माली, जयन्तीलाल, महेन्द्र सहित सैकडो आजीवन ट्रस्टी सदस्य उपस्थित थे।

श्री रामेश्वरलाल गहलोत, तिवंरी
श्री देवाराम हिरालाल माली, मुंबई,
श्री घनश्याम झुमरलाल टाक, खेजड़ला
श्री मिश्रीलाल जयनारायण कच्छवाहा, चौखा, जोधपुर
अखिल भारतीय माली (सैनी) सेवा सदन, पुष्कर
श्री सुगनाराम पुत्र श्री बुधाराम भाटी, पीपाड़ शहर
श्री पारसराम पुत्र श्री जयसिंह सोलंकी, जोधपुर
श्री रूपचंद पुत्र श्री भंवरलाल मरोठिया, पुष्कर
श्री धनाराम पुत्र श्री जुगाराम गहलोत,सालावास, जोधपुर
श्री कृपाराम पुत्र श्री आईदान सिंह परिहार, चौखा,जोधपुर सरपंच श्री रामकिशोर पुत्र श्री हप्पाराम टाक, बालरवां
श्रीमती अंजू(पं.समिति सदस्य), सुपुत्री श्री ढ़लाराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री केवलराम पुत्र श्री शिवराम गहलोत, चौपासनी चारणान
श्री रामेश्वर पुत्र श्री सवाई राम परिहार, मथानियां
सरपंच श्रीमती मिनाक्षी पत्नी श्री चद्रसिंह देवड़ा, मथानियां
सरपंच श्रीमती गुड्डी पत्नी श्री खेताराम परिहार, तिंवरी
श्री अचलसिंह पुत्र श्री रूपाराम गहलोत, तिंवरी
श्रीमती रेखा(उप प्रधान) पत्नी श्री संजय परिहार, मथानियां
श्री चैनाराम पुत्र श्री माणकराम देवड़ा, मथानियां
श्री अरविंद पुत्र श्री भंवरलाल सांखला, मथानियां
श्री उम्मेद सिंह टाक पुत्र स्व. सेठ श्री कनीराम टाक, जोधपुर
श्री गिरधारीराम पुत्र श्री राजुराम कच्छवाहा, खींवसर
श्री देवेन्द्र सिंह पुत्र श्री सुरेन्द्र सिंह गहलोत
श्री मदनलाल (ग्राम सेवक) पुत्र श्री सोमाराम गहलोत, मथानियां
श्री लिखमाराम सांखला पुत्र श्री छोटुराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
सरपंच श्रीमती संजू पत्नी श्री हुकमाराम सांखला, रामपुरा भाटियान, तिंवरी
श्री श्यामलाल पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, मथानियां त. तिंवरी
श्री खेताराम सोलंकी, लक्ष्मी स्टोन कटिंग, पीपाड़ शहर
श्री गोबरराम पुत्र श्री हरीराम कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री शंभु पुत्र श्री मूलचंद गहलोत, अजमेर
श्री रामनिवास पुत्र श्री पूनाराम गहलोत, जोधपुर
श्री धर्माराम सोलंकी, सोलंकी खाद बीज, जोधपुर
श्री धनराज पुत्र श्री राणाराम सोलंकी, पीपाड़ शहर
श्री संपतराज पुत्र श्री बाबूलाल सैनी, पीपाड़ शहर
सी. ए. श्री महेश पुत्र श्री आनंदीलाल गहलोत, जोधपुर
श्री हनुमान सिंह गहलोत, हनुमान टेंट हाऊस, जोधपुर
श्री मयंक पुत्र श्री दीनदयाल देवड़ा, जोधपुर
श्री नित्यानंद पुत्र श्री धनसिंह सांखला, जोधपुर
श्री महेश पुत्र श्री अमरसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री ओमप्रकाश पुत्र श्री धनसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री कैलाश पुत्र श्री श्यामलाल गहलोत, जोधपुर,
श्री भारतसिंह पुत्र श्री लिखमाराम कच्छवाहा, जोधपुर
श्री संदीप पुत्र श्री नृसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री धमेन्द्र पुत्र श्री संतोष सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री निर्मल सिंह (एस.ई.)पुत्र श्री भजनसिंह कच्छवाहा, जोधपुर
श्री महेन्द्रसिंह कच्छवाहा(चैयरमेन, पीपाड़) पुत्र श्री पुखराज कच्छवाहा, पीपाड़
श्री अमृतलाल टाक पुत्र श्री चेनाराम टाक, बुंचकला, पीपाड़
श्री चांदरतन पुत्र श्री माणकचंद सांखला, बीकानेर
श्री कमलेश पुत्र श्री मुल्तान सिंह कच्छवाहा, पीपाड़ शहर
श्री सहीराम पुत्र श्री हिन्दुराम गहलोत, पीपाड़ शहर
श्री मनमोहन पुत्र श्री मनोहर सिंह सांखला, जोधपुर
श्रीमती कमला धर्मपत्नी श्री रमेशचंद्र माली, जोधपुर
श्री दशरथ पुत्र श्री विशन सिंह गहलोत, जोधपुर
श्री राजकुमार पुत्र श्री रतनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री मेवाराम पुत्र स्व. श्री नारायण सोलंकी, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री हरीराम सोलंकी, जोधपुर
डॉ. हिरालाल पुत्र श्री मादुराम पंवार, जोधपुर
श्री गंगाराम पुत्र श्री किशनलाल सोलंकी, जोधपुर
श्री धरमाराम भाटी, अध्यक्ष क्षत्रिय माली समाज माधपूर (तमिलनाडु)
श्री राहुल भाटी सुपुत्र श्री जितेन्द्रसिंह भाटी, जोधपुर
श्री किसनाराम देवड़ा, श्री जी एन्टरप्राइजेज, जोधपुर
श्री(इंजि.)तेजप्रताप पुत्र श्री मंगलसिंह गहलोत, जोधपुर
श्री अभय सिंह पुत्र श्री मांगीलाल गहलोत, जोधपुर

# माली सैनी सन्देश

## ही क्यों ?

**क्योंकि**

**हमारे पास है सैकड़ों एन. आर. आई. सहित पांच हजार पाठकों का विशाल संसार**

**क्योंकि**

**हम बताते है सच्चाई तथा सामाजिक गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी जो कि समाज में हो रही है।**

## हमें विज्ञापन दीजिये

क्योंकि
हमारी क्रियेटिव टीम के साथ
यह सजाती है आपके ब्राण्ड को पूरे
देश ही नहीं विदेशों में भी

### घर बैठे माली सैनी संदेश मंगाने के लिए भर कर भेजें

### सदस्यता फार्म

दिनांक ____________

माली सैनी संदेश पत्रिका देश के प्रत्येक राज्य के प्रमुख शहरों के साथ ही ग्रामिण क्षेत्रों में माली सैनी समाज के लोगों की जानकारियों आपको विगत 14 वर्षो से हर माह पहुंचाकर समाज के विभिन्न वर्गो में हो रहे समाज उत्थान एवं शिक्षा तथा अन्य क्षेत्र के विकास कार्यो की जानकारी प्रदान कर रहा है। समय समय पर समाज के विभिन्न आयोजनों की भी विस्तृत जानकारी पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से सभी को उपलब्ध कराई जा रही है। यहीं नहीं देश के बाहर विदेशों में रह रहे समाज बंधुओं को भी समाज की संपूर्ण जानकारी वेब–साईट के माध्यम से भी उपलब्ध कराई जा रही है। समाज की प्रथम ई–पत्रिका होने का गौरव भी आप सभी के सहयोग से हमें ही मिला है।

हमारी वेबसाईट www.malisaini.org में समाज के सभी वर्गो की विस्तृत जानकारियां उपलब्ध है एवं www.malisainisandesh.com में हमारी मासिक ई पत्रिका के वर्तमान एवं पूर्व के अंकों का खजाना आपके लिए हर समय उपलब्ध है। आप हमें पे–टी.एम. से मोबाईल नंबर 9414475464 पर भी सदस्यता शुल्क भेज पत्रिका प्राप्त कर सकते है।

**डाक से नियमित रूप से निम्न पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका भेजने के लिए डिमाण्ड ड्राफ्ट/ मनीआर्डर माली सैनी संदेश के नाम से भेज रहा हूं।**

सदस्यता राशि

**दो वर्ष रु 400/-** | **पांच वर्ष रु 900/-** | **आजीवन रु 3100/-**

नाम/संस्था का नाम ____________

पता ____________

फोन/मोबाईल ____________ ई-मेल ____________

ग्राम ____________ पोस्ट ____________ तहसील ____________

जिला ____________ पिनकोड ____________

राशि (रुपये) ____________ बैंक का नाम ____________

डिमाण्ड ड्राफ्ट/मनीआर्डर क्रमांक ____________ (डीडी/एमओ माली सैनी संदेश के नाम से भेजें)

**अतः मुझे/हमें भी अंग्राकित पते पर माली सैनी संदेश पत्रिका डाक द्वारा भेजें।**

दिनांक ____________

हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे : - प्रसार प्रभारी

3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर (राज।)

**Mobile : 9414475464/9214075464 visit us www,malisainisandesh.com**
**www.malisaini.org EAmail : malisainisandesh@gmail.com; editor@malisaini.org**

**RATES**

Advertisements

COLOR (Full Page)

| | |
|---|---|
| Back Cover | 10,000/- |
| Inside Cover | 5,000/- |

BLACK

| | |
|---|---|
| Full Page | 2,500/- |
| Half Page | 1,500/- |
| Quarter Page | 1,000/- |

write us : P. O. Box 09, Jodhpur
Cell : 94144 75464,

log on : www.malisainisandesh.com
e-mail : malisainisandesh@gmail.com
e-mail : editor@malisaini.org

**कार्यालय : 3, जवरी भवन, भैरूबाग मंदिर के सामने, महावीर काम्प्लेक्स के पीछे, सरदारपुरा, जोधपुर**

# हार्दिक बधाई



नवदीप सैनी के आईपीएल में किंग्स इलेवन की टीम में चुने जाने पर



श्री वैभव गहलोत को कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सदस्य बनने पर



सीमा कुशवाहा को कांग्रेस के ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी बनने पर



डॉ. दुर्गाशंकर को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के चुनाव में प्रदेश उपाध्यक्ष बनने पर

# विभिन्न आयोजनों की झलकियाँ















स्वामीजी एवं पीलीबंगा पूर्व विधायक द्रोपती देवी मेघवाल सावित्री बाई फुले के चित्रपट्ट पर पुष्पमाला पहनाते हुए







Postal Regd No. Jodhpur/463/2017-19

# हार्दिक बधाई



श्रीमती कल्पना सैनी जी को उत्तराखंड सरकार
में मंत्री अन्य पिछड़ा आयोग का अध्यक्ष बनाए
जाने पर पर हार्दिक शुभकामनाएं



भाजपा प्रदेश सचिव श्री जवाहर सैनी
को हरियाणा वन विकास निगम का चेयरमैन बनाए
जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री अर्जुन लाल सैनी IES राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति
द्वारा शपथ ग्रहण कर देश सेवा के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग
मंत्रालय में प्रथम पोस्टिंग राजस्थान में नियक्त किए
जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



श्री भल्लाराम परमार राज. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण
जयपुर से न्यायधीश को अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत
बालोतरा सम्पूर्ण जिला क्षेत्राधिकार बाड़मेर के पद पर
नियुक्त होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



भूपेन्द्र सिंह गहलोत गुजरात राज्य के सिविल जज
एवं ज्यूडीशियल मजिस्ट्रेट फर्स्ट क्लास पद
पर तृतीय परियता के साथ चयन होने
पर को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वत्वाधिकारी संपादक / मालिक / प्रकाशक / मुद्रक
मनीष गहलोत के लिए भण्डारी ऑफसेट, न्यू पॉवर हाऊस
सेक्टर-7, जोधपुर से छपवाकर माली सैनी संदेश कार्यालय
सोजती गेट के अंदर, जोधपुर (राजस्थान) से प्रकाशित
फोन : 9414475464
ई-मेल - malisainisandesh@gmail.com

पत्र व्यवहार के लिए पता
P.O. Box No. 09, JODHPUR